Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक वेलकम इंडिया

गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 234 | मंगलवार, 26 अगस्त -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## 50 हजार युवाओं को रोजगार देने का लक्ष्य

# रोजगार महाकुंभ का आगाज आज से, सीएम करेंगे शुभारंभ

**लखनऊ।**

सेवायोजन विभाग की निदेशक नेहा प्रकाश ने बताया कि देश-विदेश की 100 से अधिक नामी कंपनियों के प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। रोजगार महाकुंभ में तीन मंचों के माध्यम से युवाओं को उनकी योग्यतानुसार, शहर व प्रदेश के साथ ही विदेशों में भी रोजगार के अवसर मिलेंगे। लखनऊ के गोमतीनगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के सभागार में मंगलवार से तीन दिवसीय रोजगार महाकुंभ का आगाज होने जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। यहां देश की बहुचर्चित कंपनियों में करीब 50 हजार युवाओं को रोजगार देने का लक्ष्य है। आठवीं पास से परास्नातक और डिप्लोमा इंजीनियरिंग तक की शैक्षिक योग्यता रखने वाले युवा इस अवसर का लाभ ले सकते हैं। सेवायोजन विभाग की निदेशक नेहा प्रकाश ने बताया कि देश-विदेश की 100 से अधिक नामी कंपनियों के प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। रोजगार महाकुंभ में तीन मंचों के माध्यम से युवाओं को उनकी योग्यतानुसार, शहर व प्रदेश के साथ ही विदेशों में भी रोजगार के अवसर मिलेंगे। रोजगार कॉन्क्लेव में विशेषज्ञों के साथ युवाओं की सीधी बातचीत होगी।

*कंपनियां ऑन-स्पॉट इंटरव्यू और प्लेसमेंट ड्राइव करेंगी। प्रदर्शनी के माध्यम से युवाओं को प्रदेश की प्रगति, नई औद्योगिक नीतियों और कौशल विकास मॉडल की झलक मिलेगी। निदेशक ने बताया कि आयोजन में स्टार्टअप और नवाचार भी देखने को मिलेगा। डेटा-ड्रिवेन सॉल्यूशंस पर काम करने वाली आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की बहुचर्चित अंतरराष्ट्रीय कंपनियां शामिल होंगी। तकनीक और शोध से जुड़े युवा सीधे स्टार्टअप इकोसिस्टम में प्रवेश कर सकेंगे। ये कंपनियां सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, क्लाउड कंप्यूटिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और हार्डवेयर डिजाइन जैसे क्षेत्रों में नौकरियां देंगी।*



## नाल एयरबेस से शुरू हुई मिग-21 की विदाई

**जयपुर।** भारतीय वायुसेना के सुपरसोनिक लड़ाकू विमान मिग-21 की औपचारिक विदाई राजस्थान के नाल एयरबेस से शुरू हो गई है। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने मिग-21 में उड़ान भरकर इस विमान को भावुक विदाई दी। उड़ान के बाद उन्होंने कहा कि मिग-21 ने वायुसेना में छह दशकों से अधिक समय तक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने 1995 में तेजपुर में पहली बार मिग-21 उड़ाने का अनुभव भी साझा किया।

वायुसेना प्रमुख ने बताया कि मिग-21 के स्थान पर तेजस को लाया गया है, जो मिग-21 के डिजाइन पर आधारित है और मिराज से भी प्रेरणा ली गई है। उन्होंने तेजस को मिग-21 का उत्तराधिकारी मानते हुए कहा कि विमानों का करार हो चुका है और एक नया करार भी शीघ्र होने वाला है। बता दें कि मिग-21 की आखिरी दो स्क्वाड्रन (36 मिग-21) नाल एयरबेस पर तैनात हैं। 19 सितंबर को मिग-21 पूरी तरह सेवानिवृत्त हो जाएगा। इसका मुख्य विदाई कार्यक्रम चंडीगढ़ एयरबेस पर आयोजित किया जाएगा।

## || सार संक्षेप

### अशोक यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर को सुप्रीम कोर्ट से राहत

**नई दिल्ली।**



सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अशोक यूनिवर्सिटी के राजनीति विज्ञान के प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद के खिलाफ निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक लगा दी। उन पर 'आपरेशन सिंदूर' से संबंधित विवादास्पद इंटरनेट मीडिया पोस्ट के लिए हरियाणा पुलिस ने मामला दर्ज किया था। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जोयमाल्या बागची की पीठ ने एक अंतरिम आदेश पारित कर मजिस्ट्रेट को राष्ट्र की सम्प्रभुता के विरुद्ध अपराध से संबंधित भारतीय न्याय संहिता की धारा 152 के तहत हरियाणा पुलिस द्वारा दायर आरोपपत्र पर संज्ञान लेने से रोक दिया। जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने यह भी कहा कि महमूदाबाद के खिलाफ दर्ज एक प्राथमिकी में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की जा चुकी है और तदनुसार उन कार्यवाहियों को रद कर दिया।

### टैरिफ लागू हुआ तो प्रभावित क्षेत्रों को वित्तीय मदद मुहैया कराएगा आरबीआईः गवर्नर मल्होत्रा

**मुंबई।**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अगर बुधवार से भारत पर भारी टैरिफ लागू करते हैं तो प्रभावित सेक्टरों को आरबीआई अतीत की तरह वित्तीय मदद मुहैया कराएगा। भारतीय रिजर्व बैंक यानी आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा, संकट से उबरने के लिए सबसे बुरी तरह प्रभावित क्षेत्रों को वित्तीय मदद की जरूरत होगी। गवर्नर मल्होत्रा ने मुंबई में फिक्की और इंडियन बैंक एसोसिएशन के कार्यक्रम में कहा, कोविड के दौरान आरबीआई ने सावधि ऋणों पर स्थगन प्रदान किया था। छोटे एवं मझोले (एमएसएमई) क्षेत्रों के लिए कर्ज पाने को आसान बनाया था। मौद्रिक नीति के जरिये अर्थव्यवस्था को मजबूत समर्थन दिया था। हालांकि, टैरिफ पर दोनों देशों में बातचीत चल रही है। हमें उम्मीद है कि इसका न्यूनतम प्रभाव पड़ेगा। 45 फीसदी (निर्यातित) वस्तुएं कर के दायरे से बाहर हैं। 55 फीसदी में रत्न एवं आभूषण, कपड़ा, ऑटो कलपुर्जे, झींगा व एमएसएमई जैसे कुछ क्षेत्रों पर प्रभाव पड़ेगा। मल्होत्रा ने कहा, सरकार इस पर विचार कर रही है। हमने अर्थव्यवस्था को तरलता देने के लिए रेपो दर में एक फीसदी कटौती की थी। अर्थव्यवस्था की वृद्धि के लिए और अधिक प्रभावित क्षेत्रों सहित हमसे जो भी सहायता अपेक्षित है।

## 'भारत किसी के दबाव में नहीं आयेगा', ट्रंप के टैरिफ पर पीएम मोदी की दो टूक

**अहमदाबाद।**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत पर अंगुली उठाने वालों को बिना नाम लिये दो टूक कहा है कि भारत किसी के दबाव में नहीं आयेगा। आत्मनिर्भरता के मंत्र से देश अपने पैर पर खड़ा है तथा तेजी से प्रगति कर रहा है। कांग्रेस का नाम लिये बिना मोदी ने कहा कि गांधी के नाम पर दशकों राज करने वालों ने स्वच्छता व स्वदेशी का कभी नाम तक नहीं लिया। मोदी ने कहा कि गुजरात दो मोहन, सुदर्शनधारी भगवान कृष्ण तथा चरखाधारी मोहनदास करमचंद गांधी की धरती है। अहमदाबाद के उमिया धाम मैदान में एक जनसभा को संबोधित करने से पहले उन्होंने अहमदाबाद व गुजरात की करीब छह हजार करोड़ रुपये की विकास योजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया। प्रधानमंत्री मोदी ने इससे पहले एयरपोर्ट से लेकर उमियाधाम मैदान निकोल तक रोड शो किया। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने पीएम का स्वागत किया। जनसभा में पीएम ने कहा कि किसानों, पशुपालकों और लघु उद्योगों के हित सर्वोपरि हैं और हम पर दबाव बढ़ सकता है।

## हिमाचल में भारी बारिश, पांच की मौत, मणिमहेश यात्रा रोकी

**शिमला/धर्मशाला।**



हिमाचल प्रदेश में मंगलवार को ऊना, चंबा, कुल्लू, मंडी, कांगड़ा और बिलासपुर, सोलन, हमीरपुर में स्कूल बंद रखने के आदेश जारी किए गए हैं। प्रदेश में जारी भारी बारिश के बीच रविवार और सोमवार को 47 पक्के और 98 कच्चे मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। हिमाचल प्रदेश में मौसम विभाग के रेड अलर्ट के बीच सोमवार को कांगड़ा, बिलासपुर, कुल्लू, हमीरपुर, मंडी में भारी बारिश हुई।

बारिश-भूस्खलन के चलते कई जगह भारी नुकसान हुआ है। मणिमहेश यात्रा पर गए पंजाब के चार श्रद्धालुओं की मौत हो गई है। प्रशासन ने यात्रा पर अनिश्चितकाल के लिए रोक लगा दी है। दो हजार से ज्यादा श्रद्धालु अभी भी बीच रास्ते में फंसे हुए हैं। हालांकि, सभी सुरक्षित स्थानों पर हैं। वहीं, नूरपुर में डडवाड़ा गांव का गुरुदेव सिंह (72) की खड्ड में बहने से मौत हो गई। प्रदेश की ऊंची चोटियों शिंकुला दर्रा, कुगती जोत, बारालाचा में 10 से 20 सेंमी तक बर्फबारी हुई है। खराब मौसम को देखते हुए मंगलवार को ऊना, चंबा, कुल्लू, मंडी, कांगड़ा और बिलासपुर, सोलन, हमीरपुर में स्कूल बंद रखने के आदेश जारी किए गए हैं। बारिश-भूस्खलन के चलते आनी-कुल्लू, मंडी-कुल्लू, मंडी-पठानकोट, जालंधर-मंडी और भरमौर-पठानकोट हाईवे समेत प्रदेश में 793 सड़कें बंद हो गई हैं। इसके साथ ही 956 ट्रांसफार्मर और 517 पेयजल योजनाएं ठप हैं। इस बीच, मौसम विभाग ने मंगलवार को चंबा और कांगड़ा में रेड और कुल्लू-मंडी जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

## कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का संदेश

# महिलाओं की भागीदारी बढ़ाओ, संगठन को मजबूत बनाओ

**नई दिल्ली।**



कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी नेताओं से आह्वान किया है कि संगठन में महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़ाई जाए। उन्होंने ये भी कहा कि जिला अध्यक्षों को अधिक जिम्मेदारी दी जाए और राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रहे आंदोलनों को जनता तक गहराई से पहुंचाया जाए।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को पार्टी नेताओं से आह्वान किया कि वे संगठन के ढांचे में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि देश की आधी आबादी महिलाओं की है, इसलिए उन्हें पार्टी की जिम्मेदारियों में बराबरी से जगह मिलनी चाहिए। उन्होंने यह बात झारखंड, ओडिशा, पंजाब और उत्तराखंड में जिला कांग्रेस अध्यक्षों की नियुक्ति के लिए बुलाए गए पर्यवेक्षकों की बैठक में कही। यह बैठक दिल्ली के इंदिरा भवन में हुई और इसमें प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी) अध्यक्षों तथा एआईसीसी के प्रभारी नेताओं ने भी हिस्सा लिया। इस बैठक संगठन सृजन अभियान के तहत आयोजित की गई थी। मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि कांग्रेस संगठन में जिला अध्यक्ष का पद बेहद अहम है। इस पद पर रहकर कई बड़े नेता आगे बढ़े हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा, लाल बहादुर शास्त्री, गोविंद वल्लभ पंत, कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री गुंडू राव और मंत्री धरम सिंह, सभी कभी न कभी जिला अध्यक्ष रहे हैं। खरगे ने इस दौरान खुद का उदाहरण भी दिया और कहा, 'मैं भी मंत्री रहते हुए जिला अध्यक्ष बना था।'

### महिलाओं की भागीदारी पर जोर

कांग्रेस अध्यक्ष ने आगे कहा, 'हमें आधी आबादी की भागीदारी बढ़ानी होगी। महिलाओं को मुख्यधारा में लाकर, उन्हें जिम्मेदारी देकर संगठन को मजबूत करना होगा।' कांग्रेस अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से यह भी कहा कि वे राहुल गांधी के 'वोट चोरी' अभियान को जड़ तक लेकर जाएं और जनता के बीच इस मुद्दे को मजबूत करें। उन्होंने यह भी बताया कि बिहार में राहुल गांधी और इंडिया गठबंधन की 'वोटर अधिकार यात्रा' को जनता का पूरा समर्थन मिल रहा है। खरगे ने कहा, 'हमें अपनी लड़ाई आगे बढ़ानी होगी और लोगों तक यह संदेश साफ-साफ पहुंचाना होगा।'

## सुप्रीम कोर्ट को मिलेंगे दो नए जज, कोलेजियम ने की सिफारिश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट कोलेजियम ने बांबे हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश आलोक अराधे और पटना हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश विपुल एम. पंचोली को सुप्रीम कोर्ट में जज के रूप में पदोन्नत करने की केंद्र सरकार से सिफारिश की है। शीर्ष न्यायालय के जज बनने के बाद जस्टिस पंचोली अक्टूबर 2031 में जस्टिस जायमाल्या बागची की सेवानिवृत्ति के बाद प्रधान न्यायाधीश बन सकते हैं।

## अब पशुओं के लिए भी बनेंगे ब्लड बैंक

**नई दिल्ली।**




पशु चिकित्सा सेवा की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए मत्स्य पालन, पशुपालन और डेरी मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले पशुपालन एवं डेरी विभाग ने पशुओं के ब्लड ट्रांसफ्यूजन और ब्लड बैंकों के लिए देश के पहले व्यापक राष्ट्रीय दिशानिर्देश और मानक संचालन प्रक्रियाएं (एसओपी) जारी किए हैं। इसमें असंगत ट्रांसफ्यूजन को रोकने के लिए रक्त समूह का मिलान अनिवार्य होगा। नए ढांचे के तहत राज्य के नियमों के तहत पशुओं के लिए ब्लड बैंक स्थापित किए जाएंगे जिनका बुनियादी ढांचा जैव सुरक्षा का अनुपालन करेगा। पशुओं में ट्रॉमा, एनीमिया, सर्जरी में ब्लडलास, संक्रामक रोगों के इलाज में ब्लड ट्रांसफ्यूजन किया जाता है। लेकिन अभी तक भारत में इसके लिए राष्ट्रीय ढांचा नहीं था। पशुओं में अधिकांश ब्लड ट्रांसफ्यूजन केवल आपात स्थिति में ही किए जाते थे, जो अक्सर डोनर की मानक जांच, रक्त समूह के मिलान या स्टोरेज प्रोटोकॉल के बिना किए जाते थे। नए दिशानिर्देशों का उद्देश्य पशु चिकित्सा में ब्लड ट्रांसफ्यूजन के सभी पहलुओं के लिए एक वैज्ञानिक, नैतिक और संरचित ढांचा प्रदान करना है।

## अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला के नाम पर छात्रवृत्ति योजना शुरू करेगी सरकार

**लखनऊ।**



**सीएम योगी ने की घोषणा**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम में अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला के नाम पर छात्रवृत्ति योजना शुरू करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इससे हमारे प्रदेश की युवा पीढ़ी को भी लाभ मिलेगा। उत्तर प्रदेश सरकार अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला के नाम पर छात्रवृत्ति योजना का शुभारंभ करेगी। इसकी घोषणा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की। सीएम योगी सोमवार को लखनऊ के लोकभवन में ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के सम्मान में आयोजित नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि शुभांशु प्रदेश के पहले अंतरिक्ष यात्री हैं। हमें उनकी उपलब्धियों पर गर्व है। इस अभियान से पूरी दुनिया ने अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत की ताकत देखी है। इस अनुभव का हमें भविष्य में भी लाभ मिलता रहेगा। प्रदेश सरकार शुभांशु शुक्ला के नाम पर छात्रवृत्ति की योजना शुरू करेगी जिसका लाभ हमारी युवा पीढ़ी को मिलेगा। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि चार दशक बाद भारत को अंतरिक्ष यात्रा का अवसर मिला। हर भारतवासी शुभांशु की यात्रा को विश्वास के साथ देख रहा था। उन्होंने कहा कि शुभांशु के पिता सचिवालय प्रशासन के कर्मचारी रहे हैं। उनके संस्कारों के कारण ही भारत का सम्मान बढ़ा है। यह हमारे लिए गर्व की बात है। अंतरिक्ष यात्रा के दौरान 18 दिनों में शुभांशु ने 300 से भी अधिक बार पूरी पृथ्वी की परिक्रमा की है। ऐसे बहुत सारे लोग लखनऊ में रहते हैं जो कि अपने पूरे जीवन में पूरा लखनऊ भी नहीं घूम पाते हैं। शुभांशु ने पूरी पृथ्वी की परिक्रमा की। यह अद्भुत है।

## संपादक की कलम से

# छोटे प्रश्न का बड़ा दायरा

कभी जब कोई विधायक विधानसभा में आईने बना देता है, तो प्रदेश अपनी असली सूरत में खुद को देख लेता है। एक बहुत छोटा सा प्रश्न भी बड़ा हो सकता है बशर्ते इसमें झांकने का सबब बड़ा हो। ऐसे ही एक छोटे से प्रश्न के दायरे को शाहपुर के विधायक केवल सिंह पठानिया ने बड़ा कर दिया है। विधायक ने सांस्कृतिक समारोहों में स्थानीय कलाकारों की भागीदारी को सुनिश्चित कराने के इरादे से अपने सवाल को वार्षिक मेलों के आय-व्यय के ऑडिट से जोड़ा है। हालांकि



ललित शर्मा
संपादक

जवाब भी आ गया, मगर जहां थे, वहीं रहेंगे की स्थिति में सांस्कृतिक समारोहों की दौलत में हिमाचली कलाकार का वजूद टंगा रहेगा। होना तो यह चाहिए कि हिमाचली कलाओं के संरक्षण में कलाकार को रोजगार का आश्वासन मिले। हिमाचल में अगर कोई व्यक्ति बीएड, इंजीनियरिंग या एमबीए के पाठ्यक्रम के बजाय प्रदेश के गीत-संगीत के जरिए स्वरोजगार हासिल करना चाहता है, तो हमारी नीति क्या है। जाहिर तौर पर प्रदेश भर में यूं तो हर गांव से कोई न कोई मेला या सांस्कृतिक-धार्मिक समारोह जुड़ा है, फिर भी दर्जनों बड़े समारोह या मेले खास महत्त्व रखते हैं। एक तरह से ये समारोह सांस्कृतिक निवेश हैं, जहां हिमाचली कलाकार को रोजगार मिल सकता है। जरूरत है स्पष्ट नीति और मेला एवं समारोह प्रबंधन की। विधानसभा को बताया गया कि सरकारी तौर पर सांस्कृतिक समारोह के लिए 4366090 रुपए आबंटित हुए, लेकिन यह स्पष्ट नहीं हुआ कि किस मेले पर कुल कितना खर्च हुआ या पूरे प्रदेश के मशहूर व चर्चित मेलों के आयोजन के आय-व्यय का हिसाब क्या है। यह बताना असंभव भी नहीं है क्योंकि अब कमाई के स्रोत के रूप में प्लाटों की बिक्री और व्यापारिक मेलों की संगत में पलते उद्देश्यों में निखार आया है, लेकिन वित्तीय प्रबंधन की दृष्टि से हर समारोह अपने गीत गा रहा है और बिना किसी परिपाटी के सुर से सुर मिला रहा है। ये मेले कमोबेश प्रशासनिक और राजनीतिक मर्जी के गुलाम हो गए हैं, जहां नेताओं की पगडियों के हिसाब से रौनक घट या बढ़ रही है और इसी तरह सांस्कृतिक समारोहों का स्तर भी सियासी औलाद की तरह प्रश्रय पाने लगा है। यही वजह है कि सांस्कृतिक संध्याओं के नाम वजनी लिफाफे कुछ ऐसे कलाकारों पर न्योछावर होते हैं, जिनका संबंध हिमाचल से नहीं होता। पिछले साल एक मशहूर पंजाबी सिंगर की गलियों में हिमाचल के कई आयोजन चले तो श्रोता भी इन समारोहों की हैसियत का अनुमान लगाते आश्चर्य चकित होते रहे, लेकिन गरीब, बेसहारा और कमजोर फलक पर तो हिमाचली कलाकार को ही रहना पड़ा। ऐसे में मुख्य बिंदु विधायक के छोटे से प्रश्न से शुरू होकर सांस्कृतिक समारोहों का पूर्ण कायाकल्प चाहता है। ये तमाम मेले और समारोह आज अगर इसी व्यवस्था में कम से कम पचास करोड़ के आय-व्यय का हिसाब भी पैदा करते हों, तो इन्हें सौ करोड़ तक पहुंचाने की रूपरेखा इस दृष्टि से बनानी होगी ताकि ये हिमाचल के मनोरंजन उद्योग को बढ़ावा दें। मेलों के बीच सांस्कृतिक आयोजन तो एक विशिष्टता और प्रमाणिकता हो सकते हैं, लेकिन इनके साथ व्यापारिक व खेल गतिविधियां भी जुड़ती हैं। छिंजों के आयोजन में समाज का वित्तीय योगदान, प्रशासन की भूमिका और मनोरंजन की मांग पर कलाकारों का रोजगार पनप रहा है। इसी के साथ अब ट्रेड बाजारों की व्यापकता में केवल पारंपरिक नहीं बल्कि नए व्यवसाय को नागरिक क्षमता से भी जोड़ रहे हैं। मेलों के प्लाट अब करोड़ों की आय के स्रोत बन रहे हैं, तो पूरे प्रदेश की मेला ट्रैफिक, आय-व्यय और कलाकारों के रोजगार को जोड़ते हुए एक राज्य स्तरीय व्यवस्था करनी पड़ेगी। प्रदेश में मेला, सांस्कृतिक एवं मनोरंजन विकास प्राधिकरण का गठन करके, सभी प्रकार के मेलों की रूप रेखा, पंजीयन, मानदंड, दर्जा व उनके आय-व्यय के स्रोत को स्थायी व्यवस्था के तहत लाना होगा।

# भारत चाहता है यह युद्ध का नहीं, शांति का दौर बने

भारत की शांति नीति केवल रूस-यूक्रेन युद्ध तक सीमित नहीं रही है। चाहे ईरान-इजरायल, इजरायल-हमास युद्ध हो, अफगानिस्तान का संकट हो या मध्य पूर्व की उथल-पुथल-भारत ने हमेशा संवाद और कूटनीति को प्राथमिकता दी है। दुनिया आज एक ऐसे दौर से गुजर रही है, जहां युद्ध और हिंसा ने सभ्यता की प्रगति को खतरे में डाल दिया है। रूस-यूक्रेन संघर्ष इसके ताजे उदाहरण के रूप में हमारे सामने है। इस युद्ध ने न केवल यूरोप की स्थिरता को हिलाकर रख दिया है, बल्कि पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था को गहरे संकट में डाल दिया है। हजारों लोग मारे गए, लाखों लोग शरणार्थी बने और ऊर्जा तथा खाद्यान्न संकट ने विकासशील देशों को प्रभावित किया। ऐसे कठिन समय में भारत ने अपनी पारंपरिक नीति-अहिंसा, निशस्त्रीकरण और अयुद्ध का परिचय कराते हुए यह स्पष्ट किया है कि युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं हो सकता। यूक्रेन के राष्ट्रपति बोलोदिमीर जेलेंस्की को भारत आने का निमंत्रण देकर भारत ने संकेत दिया है कि युद्ध विराम एवं शांति समझौता कराने में भारत सक्रिय भूमिका निभा सकता है, निश्चित ही इस कदम का स्वागत होना चाहिए। रूस एवं यूक्रेन को भारत बातचीत की टेबल पर ले आता है, तो यह पूरी दुनिया के हित में होगा, इससे युद्ध का अंधेरा नहीं, शांति का उजाला होगा।

भारत द्वारा यूक्रेन के राष्ट्रपति को भारत आने का निमंत्रण देना केवल शांति प्रयासों का हिस्सा ही नहीं है, बल्कि यह अमेरिका की चालों को करारा जवाब देने वाला एक कूटनीतिक कदम भी है। हाल के दौर में अमेरिका ने भारत पर ट्रेड टैरिफ लगाकर और विभिन्न आर्थिक दबाव बनाकर उसकी अर्थव्यवस्था को अस्थिर एवं अस्तव्यस्त करने की कोशिश की है। किंतु मोदी सरकार ने अपनी दृढ़ कूटनीति से यह संदेश दिया है कि भारत अब किसी दबाव में आने वाला नहीं है। जेलेन्स्की को आमंत्रित कर भारत ने यह दिखा दिया कि वह रूस और यूक्रेन दोनों के साथ संवाद रखकर स्वतंत्र नीति अपनाने में सक्षम है और अमेरिका की अपेक्षाओं के आगे झुकने के बजाय अपनी शांति और संतुलन की राह पर आगे बढ़ रहा है। यह कदम भारत की आत्मनिर्भर, साहसी और वैश्विक नेतृत्वकारी भूमिका का प्रमाण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बार-बार कहा है-यह युद्ध का दौर नहीं है। यह वाक्य केवल एक कूटनीतिक कथन नहीं, बल्कि भारत की शाश्वत नीति और सांस्कृतिक दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व करता है। रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान भारत ने केवल शब्दों तक ही सीमित भूमिका नहीं निभाई, बल्कि ठोस मानवीय प्रयास भी किए। ऑपरेशन गंगा के अंतर्गत हजारों



*2022 में जब रूस-यूक्रेन युद्ध तेज हुआ, तब संयुक्त राष्ट्र, जी-20 और ब्रिक्स जैसे मंचों पर मोदी ने दृढ़ता से कहा-आज का समय युद्ध का नहीं, बल्कि शांति, स्थिरता और सहयोग का है। भारत ने इस सत्य को समय रहते समझा और दुनिया को यह संदेश दिया कि शांति ही भविष्य है, युद्ध नहीं। इसे आधुनिक कूटनीति में उतारकर यह साबित किया है कि भारत केवल अपने लिए नहीं, बल्कि पूरी मानवता के लिए सोचता है। स्वतंत्रता के बाद भारत ने अंतरराष्ट्रीय राजनीति में गुटनिरपेक्ष नीति अपनाई। शीत युद्ध के समय जब दुनिया अमेरिका और सोवियत संघ के दो खेमों में बंटी हुई थी, तब भारत ने यह साहस दिखाया कि वह किसी एक महाशक्ति का पिछलग्गू नहीं बनेगा। पंडित जवाहरलाल नेहरू, युगोस्लाविया के राष्ट्रपति टिटो और मिस्र के राष्ट्रपति नासिर ने मिलकर गुटनिरपेक्ष आंदोलन की नींव रखी। इसका उद्देश्य था-दुनिया के देशों को युद्ध की राजनीति से दूर रखना और शांति व सहयोग की नई राह खोलना। भारत की अहिंसा की नीति कहती है कि स्थायी समाधान केवल शांति और संवाद में है। अयुद्ध की नीति कहती है कि किसी भी गुट का पिछलग्गू बने बिना स्वतंत्र दृष्टिकोण अपनाना ही असली ताकत है। भारत ने दिखाया है कि यह नीति केवल आदर्श नहीं, बल्कि व्यावहारिक कूटनीति भी है। जब पूरी दुनिया किसी एक पक्ष में बंट रही हो, तब भारत जैसे देश का संतुलित रुख ही शांति की संभावना को जीवित रख सकता है। आज, जब रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण पश्चिमी देश और रूस आमने-सामने खड़े हैं, भारत ने उसी गुटनिरपेक्ष दृष्टिकोण को अपनाया है। भारत न तो रूस के पक्ष में खड़ा हुआ है और न ही अंधाधुंध रूप से पश्चिम का समर्थन कर रहा है। उसने संवाद और कूटनीति को ही एकमात्र रास्ता बताया है। यही भारत की अयुद्ध नीति है-जहां किसी से शत्रुता नहीं, बल्कि सबके साथ संतुलित संबंध रखकर शांति के लिए काम करना है। भारत ने अमेरिकी और यूरोपीय दबाव के बावजूद कभी भी केवल एक पक्ष का समर्थन नहीं किया। यही उसकी सबसे बड़ी ताकत है। अमेरिका और पश्चिमी देश चाहते थे कि भारत खुले रूप से रूस की निंदा करे और उस पर प्रतिबंध लगाए। किंतु भारत ने साफ कहा कि उसका दृष्टिकोण तटस्थ ही नहीं, बल्कि शांति-उन्मुख है। भारत का लक्ष्य किसी के खिलाफ खड़ा होना नहीं, बल्कि सबको शांति की राह पर लाना है। यही कारण है कि रूस और यूक्रेन, दोनों भारत पर भरोसा करते हैं। दोनों मानते हैं कि भारत बिना पूर्वाग्रह के समाधान का मार्ग खोज सकता है।*

भारतीय छात्रों और नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। भारत ने यूक्रेन को दवाइयां, मानवीय सहायता और राहत सामग्री भेजी। भारत ने रूस और यूक्रेन, दोनों से संवाद बनाए रखा। पिछले साल अगस्त में नरेन्द्र मोदी यूक्रेन जाने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री बने थे। इससे पहले उन्होंने रूस की यात्रा की थी। प्रधानमंत्री मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेन्स्की से निरन्तर बातचीत में भी भारत का रूख स्पष्ट किया कि शांति बहाल होनी चाहिए, यह युद्ध का दौर नहीं, बल्कि शांति एवं विकास का दौर है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप एवं रूसी राष्ट्रपति पूतिन के बीच अलास्का में हुई शिखर वार्ता का भी भारत ने स्वागत किया और कहा था कि बातचीत एवं कूटनीति ही आगे बढ़ने एवं युद्ध विराम का रास्ता है। रूस और यूक्रेन के बीच यदि कभी बातचीत की प्रक्रिया शुरू होती है, तो उसमें भारत की भूमिका निर्णायक हो सकती है। आज भारत की छवि एक विश्वसनीय मध्यस्थ के रूप में उभरी है। भारत न केवल जनसंख्या और अर्थव्यवस्था के लिहाज से बड़ा देश है, बल्कि सांस्कृतिक और नैतिक दृष्टि से भी विश्व में एक अलग पहचान रखता है। गांधी की भूमि, बुद्ध की करुणा और महावीर की अहिंसा से प्रेरित यह राष्ट्र यदि शांति का झंडा उठाता है, तो उसकी आवाज को अनसुना नहीं किया जा सकता। यही कारण है कि पूरी दुनिया आज भारत से अपेक्षा कर रही है कि वह शांति का नेतृत्व करे। भारत की यह भूमिका उसे केवल एक उभरती महाशक्ति ही नहीं बनाती, बल्कि विश्वगुरु के रूप में स्थापित करती है। क्योंकि भारत जानता है-शांति ही मानवता का वास्तविक मार्ग है, और अहिंसा ही उसकी सबसे बड़ी शक्ति। भारत की शांति नीति केवल रूस-यूक्रेन युद्ध तक सीमित नहीं रही है। चाहे ईरान-इजरायल, इजरायल-हमास युद्ध हो, अफगानिस्तान का संकट हो या मध्य पूर्व की उथल-पुथल-भारत ने हमेशा संवाद और कूटनीति को प्राथमिकता दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने जी-20 शिखर सम्मेलन में विश्व नेताओं से कहा कि मानवता के सामने जो चुनौतियां हैं, उनका समाधान युद्ध से नहीं, बल्कि सहयोग-शांति-सौहार्द से मिलेगा। उन्होंने विकासशील देशों की पीड़ा और युद्ध से उत्पन्न आर्थिक संकट को सामने रखकर यह स्पष्ट किया कि युद्ध का खामियाजा गरीब और छोटे देशों को सबसे ज्यादा भुगतना पड़ता है। आज की दुनिया में हथियारों की होड़ और सामरिक प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है। युद्ध केवल मोर्चे पर ही नहीं, बल्कि तकनीकी, साइबर और आर्थिक क्षेत्रों में भी लड़े जा रहे हैं। ऐसे समय में भारत की अहिंसा और अयुद्ध की नीति मानवता के लिए प्रकाशस्तंभ का काम कर रही है। भारत का इतिहास शांति और अहिंसा का इतिहास है। भगवान महावीर ने अहिंसा को सर्वोच्च धर्म बताया। उन्होंने कहा-अहिंसा परमो धर्मः। गौतम बुद्ध ने करुणा और मैत्री का संदेश दिया और पूरी एशिया भूमि को शांति क्षेत्र बनाने की दृष्टि दी। महात्मा गांधी ने इसी परंपरा को आधुनिक राजनीति में रूपांतरित किया। उन्होंने दिखाया कि सत्य और अहिंसा के आधार पर साम्राज्यवाद जैसी शक्तिशाली सत्ता को भी परास्त किया जा सकता है। भारत की आत्मा में यह विश्वास गहराई से निहित है कि हिंसा केवल विनाश लाती है और शांति ही स्थायी समाधान है। इसी विरासत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पुनर्जीवित किया है।

## उदय किशोर साह



### गाँव हमारा जीवन है न्यारा

कविता

आओ अपनी गाँव की तुम्हें सैर कराऊँ
अपनी कुटिया में मैं खुद शेर कहलाऊँ
कहीं पे नहीं है यहाँ कोई शोर शराबा
गाँव की मिट्टी है पावन मेरे काशी काबा

सरिता की कल कल बहती निर्मल धारा
पीपल खड़ा है जहाँ नदी का है किनारा
बचपन बीता अब जवानी भी। सारा
मुसीबत में मिलता है सबका ही सहारा

ना है किसी से किसी को ईर्ष्या व द्वेष
ना कोई छ्ल बल ना कोई कलह क्लेश
गाँव की पगडंडी दिखता है मनमानी
पीली सरसों की फूल सुगंध सुहानी

मकई की खेत बाँस का खड़ा है मचान
टीन बजाकर भगाया जाता है श्वान
फटे हाल में घर घर जीता है किसान
घुट घुंट मर गये जहाँ इनके सब अरमान

घर के दरवाजे पे झलकता है स्वाभिमान
धन दौलत की ना है गुरूर व अभिमान
हर घर में पाते हैं रणबाकुड़े वो जवान
बड़े बुजुर्ग को मिलता है यहाँ पे सम्मान


रामायण की होती है जहाँ पे नित्य वाचन
हर नारी है सीता श्रीराम बने साजन
माता पिता पूजे जाते देवतुल्य हर आँगन
दादा दादी हैं पथ निर्देशक ज्ञान हैं पावन

पशु धन हम सबको है अति ही प्यारा
दरवाजे पे बँधे है करते आर्थिक सहारा
दूध दही घी माखन की रोज है बरसात
कण कण पे हँसता जीवन दिन हो या रात

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# सिंपल और क्लासी लुक पाने के लिए जींस के साथ कैरी करें रैप टॉप, दिखेंगी सबसे सुंदर



ऑफिस और आउटिंग के समय जींस पहनने के लिए बेस्ट ऑप्शन है। क्योंकि यह आपको इसमें कई सारे डिजाइन ऑप्शन मिल जाते हैं। लेकिन अगर आप जींस में अपने लुक को स्टाइलिश बनाना चाहती हैं, तो आप रैप टॉप स्टाइल कर सकती हैं। ऑफिस और आउटिंग के समय जींस पहनने के लिए बेस्ट ऑप्शन है। क्योंकि यह आपको इसमें कई सारे डिजाइन ऑप्शन मिल जाते हैं। लेकिन अगर आप जींस में अपने लुक को स्टाइलिश बनाना चाहती हैं, तो आप रैप टॉप स्टाइल कर सकती हैं। यह टॉप न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट है और इसमें आपका लुक अलग और खूबसूरत नजर आएगा। इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ लेटेस्ट डिजाइंस वाले रैप टॉप दिखाने जा रहे हैं, साथ ही उनको स्टाइल करने के टिप्स भी बताएंगे। यह टॉप जींस के साथ पहनने के लिए बेस्ट ऑप्शन है और आप इनको ऑफिस या फिर आउटिंग के दौरान पहन सकती हैं।

**ज्योमेट्रिक प्रिंट रैप टॉपः** लूज या ब्लैक कलर की बैगी स्टाइल वाली जींस के साथ आप ज्योमेट्रिक प्रिंट रैप टॉप कैरी कर सकती हैं। यह टॉप बाहर जाने के दौरान पहन सकती हैं। इसमें आपका लुक काफी खूबसूरत नजर आएगा। इस तरह के टॉप आपको आसानी से ऑनलाइन मिल जाएंगे। वहीं आप चाहें तो 400 रुपए के आसपास ऑफलाइन खरीद सकती हैं।

**एब्सट्रैक्ट प्रिंट रैप स्टाइल टॉपः** अगर आप कहीं घूमने जा रही हैं तो एब्सट्रैक्ट प्रिंट रैप स्टाइल टॉप को कैरी कर सकती हैं। आप लाइट कलर की जींस के साथ यह टॉप कैरी कर सकती हैं। इसमें आपका लुक काफी खूबसूरत नजर आएगा। यह टॉप आपको मार्केट के अलावा ऑनलाइन भी मिल जाएगा। इस टॉप की कीमत 300-400 रुपए में खरीदकर स्टाइल कर सकती हैं।

**प्रिंटेड रैप स्टाइल टॉपः** अगर आप ऑफिस में स्टाइलिश लुक पाना चाहते हैं, तो आप प्रिंटेड रैप स्टाइल टॉप का चुनाव कर सकती हैं। यह टॉप कॉलर डिजाइन में है और रैप स्टाइल में आता है। इस टॉप में आपका लाइट और डार्क दोनों कलर की जींस के साथ परफेक्ट लगेगी। इसमें आपका लुक बेहद प्यारा और खूबसूरत लगेगा।

**कॉटन रैप स्टाइल टॉपः** सिंपल और सोबर लुक पाने के लिए आप कॉटन रैप स्टाइल टॉप वियर कर सकती हैं। यह टॉप कॉटन फैब्रिक में है और आप सिंपल लुक पाने के लिए जींस के साथ स्टाइल कर सकती हैं। यह टॉप आपको

ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगहों पर आसानी से मिल जाएगा। इस तरह के टॉप आपको 400-600 रुपए की कीमत में खरीद सकती हैं।

# 'मिनी पहलगाम' के नाम से फेमस है नॉर्थ बंगाल का माझीधुरा, प्रकृति प्रेमियों के लिए है स्वर्ग



दार्जिलिंग और दीघा बीच के अलावा हिमालय की तलहटी में स्थित माझीधुरा एक ऐसी हसीन जगह है, जिसके बारे में बहुत कम लोग जानते होंगे। यह जगह अपनी खूबसूरती और शानदार नजारों के कारण 'मिनी पहलगाम' के नाम से भी जाना जाता है। हिमालय की तलहटी से लेकर बंगाल की खाड़ी तक फैला हुआ पश्चिम बंगाल एक बेहद खूबसूरत और प्रमुख राज्य है। यह राज्य बंगाल की खाड़ी के किनारे में स्थित दीघा, ताजपुर बीच या उदयपुर की खूबसूरती के लिए जाना जाता है। ठीक उसी तरह हिमालय में स्थित सिलीगुड़ी, दार्जिलिंग और कालिम्पोंग के लिए भी जाना जाता है। दार्जिलिंग और दीघा बीच के अलावा हिमालय की तलहटी में स्थित माझीधुरा एक ऐसी हसीन जगह है, जिसके बारे में बहुत कम लोग जानते होंगे। यह जगह अपनी खूबसूरती और शानदार नजारों के कारण 'मिनी पहलगाम' के नाम से भी जाना जाता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको माझीधुरा की खासियत और यहां पर घूमने वाली कुछ शानदार जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं।

**माझीधुराः** माझीधुरा दार्जिलिंग से करीब 11 किमी दूर पहाड़ी पर स्थित एक शांत और सुरम्य पहाड़ी गांव है। यह जगह दार्जिलिंग से 11 किमी दूर और सिलीगुड़ी से 74 किमी और पश्चिम बंगाल के मिरिक से करीब 7-8 किमी दूरी पर स्थित है।

**क्यों फेमस है ये जगहः** समुद्र तल से करीब 4 हजार से अधिक फीट की ऊंचाई पर स्थित माझीधुरा बंगाल का छिपा हुआ खजाना माना जाता है। यहां पर आपको चारों ओर हरियाली, बादलों से ढके ऊंचे-ऊंचे पहाड़, चाय के बागान देखने को मिलेंगे। माझीधुरा में अल्पाइन के बड़े-बड़े पेड़, घास के मैदान और झील-झरनों के कारण इस जगह को 'मिनी पहलगाम' के नाम से भी जाना जाता है। यह जगह प्रकृति प्रेमियों के लिए स्वर्ग माना जाता है। यह पहाड़ी गांव अपनी स्थानीय परंपरा के लिए भी फेमस है। माझीधुरा को पशु-पक्षियों का घर भी कहा जाता है।

**पर्यटकों के लिए है खासः** दार्जिलिंग, सिलीगुड़ी और मिरिक जैसे हिल स्टेशनों पर पर्यटकों की भारी भीड़ देखने को मिलती है। जबकि माझीधुरा शांत और शुद्ध वातावरण के लिए जाना जाता है। यहां पर न तो गाड़ी हॉर्न और न होटलों में भीड़ दिखाई देगी। यहां पर आपको सिर्फ प्रकृति और ठंडी-ठंडी हवाओं की आवाजें सुनाई देंगी। माझीधुरा अपनी खूबसूरती के अलावा एडवेंचर एक्टिविटी के लिए भी जाना जाता है। यहां पर सुकून के पल बिताने के लिए पर्यटक कैंपिंग, ट्रैकिंग और हाईकिंग का लुत्फ उठाते हैं। माझीधुरा में गर्मी से लेकर सर्दी तक में पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं।

**आसपास घूमने की जगहः** माझीधुरा के आसपास ऐसी कई अद्भुत और शानदार जगहें हैं, जहां पर घूमने के बाद आपको काफी अच्छा लगेगा। आप यहां पर जोरेपोखरी, सुखिया पोखरी, पाइन व्यू पॉइंट टी गार्डन जैसी शानदार और बेहतरीन जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

# पत्रकारों केअधिकारों की देशभर में आवाज उठा रही है गापा: अनिल चौधरी

वेलकम इंडिया गुलजार आलम




**रामपुरः** ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन रामपुर की जिला कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन रविवार को बॉम्बे पैलेस में किया गया, कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष प्रभात भारद्वाज एवं संचालन जिला अध्यक्ष शाहबाज खान ने किया। शपथ ग्रहण सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी रहे तो विशिष्ट अतिथियों में राष्ट्रीय सचिव अशोक सोम,प्रदेश महामंत्री शाहवेज खान और मेरठ जिला महामंत्री शिवकुमार शर्मा रहे। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी ने कहा कि देशभर में पत्रकारों की आवास को बुलंद करने और उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ने के लिए आज रामपुर में भी एक मजबूत कार्यकारिणी का गठन हुआ है उन्होंने कहा कि रामपुर की टीम उत्तर प्रदेश में संगठन को मजबूत बनाने का काम करें वहीं बरेली मुरादाबाद मंडल अध्यक्ष प्रभात भारद्वाज ने कहा कि दोनों मंडलों में संगठन को मजबूत बनाने ?का काम किया जा रहा है कोई भी पत्रकार खुद को कमजोर न समझे । इस दौरान कार्यक्रम का संचालन करते हुए रामपुर जिला अध्यक्ष शाहबाज खान ने कहा कि रामपुर हमेशा से ऐतिहासिक शहर रहा है और इस ऐतिहासिक शहर में पत्रकारों का समूह अपने अधिकारों के लिए एक लंबी लड़ाई लड़ने को तैयार है उन्होंने कहा कि जल्दी ही रामपुर में पत्रकार सुरक्षा कानून के लिए मांग उठाई जाएगी। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रदेश संगठन मंत्री परवेज खां, संरक्षक मेराज अहमद निजामी, उपाध्यक्ष संदीप शर्मा, कोषाध्यक्ष आजम खान, उपाध्यक्ष हरपाल सिंह यादव, उपाध्यक्ष फवाद खान, उपाध्यक्ष शारीक खान, जिला सचिव इमरान खान, महासचिव सैयद नदीम मियां, मीडिया प्रभारी मोहम्मद नवाज खान, जिला सचिव आलिम खां, सदस्य रूप किशोर, राष्ट्रीय युवा क्रांति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजिनियर नलिन सिंह, एडवोकेट रामवीर शर्मा, पत्रकार फहीम कुरैशी, पत्रकार अर्श इकबाल, पत्रकार खालिद खान पत्रकार फरमान, पत्रकार फैसल, मोहसिन खान, शामीर खान, सलमान खान, सुफियान खान, कैफ खान, कांग्रेस प्रदेश सचिव मनी कपूर, शहर अध्यक्ष यावर खान आदि उपस्थित रहे।

# सरस्वती शिशु मंदिर नूरपुर के विद्यार्थियों ने धामपुर में फहराया परचम



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**धामपुर** : जिला बिजनौर की विभागीय एथलेटिक्स एवं दलियप्रतियोगिता में सरस्वती शिशु मंदिर नूरपुर के भैया, बहनों ने फहराया परचम सरस्वती शिशु मंदिर धामपुर में आयोजित विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से संबंध शारीरिक प्रतियोगिताओं में शिशु वर्ग के भैया बहनों ने प्रतियोगिता के दलिय और एथलेटिक्स दोनों विभागों में अपनी अपनी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। शिशु वर्ग में भैया अंडर 11 खो-खो अंडर 13 कबड्डी गोला डिस्कस और दौड़ तथा ऊंची कूद में प्रथम स्थान प्राप्त किया साथ ही लंबी में भी प्रथम स्थान प्राप्त किया इनके साथ ही कुश्ती के पहलवानों ने भी 27 किलोग्राम, 33 किलोग्राम, 35 किलोग्राम और 38 किलोग्राम भार में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुधीर कुमार शर्मा तथा अन्य आचार्य गणों ने भी भैया बहनों का उत्साहवर्धन करते हुए आशीष प्रदान किया।

# चांदपुर के हिंदू संगठनों ने एस पी ग्रामीण को सौंपा ज्ञापन



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**बिजनौर :** हिन्दू संगठनों ने एक माह पूर्व चांदपुर में हुए धर्मांतरण के मामले मे एसपी देहात को ज्ञापन दिया। दिए ज्ञापन में बताया कि अभियुक्त के द्वारा लड़की को विदेशी पिस्तौल दिखाकर उसके साथ बलात्कार किया व अभियुक्त के मोबाइल में 715 हिंदू लड़कियों के फोटो निकले लेकिन आज तक न पिस्तौल बरामद हुआ और न ही फोटो का पता चला कि वह फोटो कहां से आए थे और आरोपी के भाई की भी आज तक गिरफ्तारी नहीं हुई। धर्मांतरण मामले को लेकर हिंदू संगठन के लोग एसपी देहात विनय कुमार से मिले उन्होंने तीन दिन में गिरफ्तारी का आश्वासन दिया। अगर 3 दिन में गिरफ्तारी नहीं हुई तो सभी हिंदू संगठनों को साथ लेकर अगली रणनीति बनाई जाएगी

# महान संगीतकार स्व.आर.डी. बर्मन को समर्पित संगीत कार्यक्रम यादों का सफर-3 का किया भव्य आयोजन

वेलकम इंडिया महमूद रजा



**जनपद बिजनौर नगीना।** हलचल म्यूजिकल सोसाइटी की और से महान संगीतकार/ गायक/ अभिनेता स्व.आर.डी. बर्मन को समर्पित संगीत कार्यक्रम यादों का सफर-3 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलाकारों ने आर.डी. बर्मन द्वारा संगीतबद्ध उनके गाये गीतों को गाकर श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन किया ।

रविवार की देर शाम रॉयल रेस्टोरेंट में नगर की संगीत कार्यक्रमों के आयोजन की अग्रणी संस्था हलचल म्यूजिकल सोसायटी द्वारा आर.डी. बर्मन की याद में यादों का सफर -3 शीर्षक से आयोजित संगीत कार्यक्रम की शरुआत सोसाइटी की संरक्षिका पुष्पा लाहोटी ,आशा माहेश्वरी एवम विशेष अतिथि दीपक गर्ग व प्रतिमा गर्ग( बिजनौर ) द्वारा दीप प्रज्वलन एवम मुख्य अतिथि मशहूर चिकित्सक दंपति डॉ. राजीव चौधरी व डॉ. निरूपमा चौधरी द्वारा फीता काटकर की गई। इसके बाद सोसाइटी के कलाकारों क्रमशः स्वाति जैन, स्वाति अग्रवाल, खुशी गुप्ता,अलपिका अग्रवाल,ईश्वर चंद,के.के.बिश्नोई, विशाल सैनी, अमन कुमार , बेगराज, राजपाल सिंह, सुकृति, साक्षी सैनी के साथ बिजनोर से आये अमित अग्रवाल व मशहूर चिकित्सक डॉ. निरूपमा चौधरी ने पंचम दा के संगीतबद्ध किये गीतों को सुनाकर दर्शकों का दिल जीत लिया।बिजनोर के ही मशहूर चिकित्सक डॉ. राजीव चोधरी ने जब माउथ ऑर्गेन पर पंचम दा के गीतों की धुन बजायी तो हाल तालियों से गूंज गया। कार्यक्रम में नन्ही कलाकरों नविका कर्णवाल, समृद्धि माहेश्वरी व परी मित्तल ने शानदार नृत्य प्रस्तुत किया। सोसाइटी में नए सदस्यों क्रमशःईश्वर चंद, विशाखा मित्तल, साक्षी सैनी व युवा भाजपा नेता रोहित कुमार रवि को क्रमशः शीतल अग्रवाल, ऋतु गर्ग व नीलम पारस द्वारा बेच लगाकर सदस्यता प्रदान की गयी।कार्यक्रम में आमंत्रित अतिथियों सहित पालिकाध्यक्ष नगीना के पुत्र युवा नेता समाजसेवी सिराज खलील को संरक्षिका पुष्पा लाहोटी व डॉ. निरूपमा चौधरी द्वारा स्मृती चिन्ह भेंट किये गए। पुष्पा लाहोटी की अध्यक्षता एवम राजकुमार बिश्नोई, डॉ. मीनाक्षी मलिक, डॉ. अंजू बिश्नोई , नीतू मित्तल व सुशील गुप्ता के संयुक्त कुशल संचालन में देर रात तक चले संगीत कार्यक्रम में ऋतु गर्ग,लवली अग्रवाल, मधु गिल्होत्रा, कंचन अग्रवाल, स्वाति गुप्ता, अलका, ऋतु सिंह, गीता माहेश्वरी, शोभित माहेश्वरी व अदिती माहेश्वरी( दिल्ली ), खुशी अग्रवाल, ओमप्रकाश ओमी, मनोज सेन, सुमन थापन, अनिल थापन, राकेश कटारिया, प्राची मित्तल, सचिन मित्तल, नीरू बैरी, विनीता गुप्ता, नेहा जैन, सावन गुप्ता, जितेंद्र सैनी, डॉ. राजेन्द्र मलिक, दिग्विजयसिंह सिंह,निखिल थापन,अन्नू अग्रवाल, शलभ अग्रवाल, निखिल अग्रवाल, मनोज अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# देवेंद्र कुमार वर्मा के अच्छे कामों को देखते हुए उनहें जिला अस्पताल रामपुर में ही रखा

वेलकम इंडिया




**रामपुर।** जिला अस्पताल रामपुर के सीएमएस डॉ देवेंद्र कुमार वर्मा की जगह डॉ ब्रजेश चंद्रा वरिष्ठ परा मर्शदाता बागपत का तबादला किया गया है-उनहें जिला अस्पताल का मुख्य चिकित्सा अधीक्षक बनाया गया है।उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के अलावा अन्य कई इनाम पाने वाले डॉ देवेंद्र कुमार वर्मा के अच्छे कामों को देखते हुए उनहें जिला अस्पताल में ही रखा जाएगा। रामपुर वासियों को उमीद है जिला अधिकारी महोदय इस तरफ विषेश ध्यान देंगे और उनको रामपुर के अस्पताल में ही रख कर जो काम रह गये हैं उनहें पूरा कराएंगे।जिला अध्यक्ष राष्ट्रय स्वास्थ मिशन शादाब हसन खां ने सरकार के इस फैसले पर फौरन ध्यान देते हुए इस को वापस लेने की अपील की है। कहा है हिंदुस्तान की तारीख में ऐसा सीएमएस रामपुर के जिला अस्पताल को नहीं मिल सकता।18 घंटे मरीजों की सेवा करने वाले डॉक्टर देवेंद्र वर्मा का कहना है वह जहां भी रहेंगे सरकार के मरीजों के हित में चलाए जाने वाले मिशन को कामयाब बनाएंगे।

# बिजली लाइनमैन करंट लगने से गंभीर रूप से घायल

वेलकम इंडिया महमूद रजा



बिजनौर मंडावर।एल टी लाईन के विधुत पोल पर लाईन ठीक करने चढ़े लाईन मेन करंट लगने से विधुत पोल से नीचे गिर गया ! जिसमे वह गंभीर रूप से घायल हो गया सुचना पर पहुंचे विधुत कर्मचारियों ने उसे मेडिकल अस्पताल मे भर्ती कराया जँहा से चिकित्सकों ने गंभीर हालत देखते हुए उसे ऋषिकेश एम्स के लिए रेफर कर दिया है।गाँव नंगला माहेश्वरी निवासी वेदप्रकाश मंडावर बिजली घर पर संविदा पर लाइन मेन है।सोमवार कि सुबह दस बजे के करीब वह कस्बे मे दयालवाला रोड पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास एल टी लाईन के विधुत पोल पर चढ़ कर लाईन ठीक कर रहा था।इसी दौरान अचानक विधुत लाईन मे करंट आ गया।जिसमे करंट कि चपेट में आकर वह विधुत पोल से नीचे सडक पर आकर गिर गया।जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।आस पास के लोगो कि सुचना पर पहुचे विधुत कर्मचारियो ने वेद प्रकाश को जिला मेडिकल अस्पताल मे भर्ती कराया जँहा से चिकित्स्कों ने गंभीर हालत देखते हुए उसे ऋषिकेश एम्स के लिए रेफर कर दिया। जँहा उसकी हालत गंभीर बनी है।

# हिन्दू समाज गाय स्वरूप - दुर्गति के चरम पर, और कितनी अपेक्षा - दिव्य अग्रवाल (लेखक व विचारक)

वेलकम इंडिया



राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के मुख्या आदरणीय मोहन भगवत जी का कहना है की राष्ट्र में हिन्दू मुस्लिम दूरियां कम हो संघ इसके लिए प्रयासरत है देखा जाय तो यह अभिनंदनीय प्रयास है पर मुस्लिम समाज क्या संघ की बात को समझेगा शायद नहीं क्यूंकि जब तक इस्लामिक शिक्षा जिसमें इस्लाम के अतिरिक्त किसी अन्य को जीवित रहने का अधिकार नहीं उसमें सुधार नहीं होता आपसी तालमेल कैसे बनेगा। हिन्दू समाज तो सदैव वसुदैव कुटुंबकम की बात करता आया पर फिर भी कलमा न पढ़ने के कारण , लिंग खतना न होने के कारण इस्लामिक जिहादियों न हिन्दुओ की हत्या कर दी , शिव खोड़ी में श्रद्धालुओं की बसों पर गोलीबारी करते हुए काफिर हिन्दुओ का खात्मा होगा ऐसे नारे लगाए गए। गांधी जी ने भी बहुत प्रयास किये थे उनका तो यहां तक मानना था की यदि मुसलमानो को सत्ता दे दी जाए और हिन्दुओ को अपनी कुबार्नी देनी पड़े तो भी उन्हें कोई आपत्ति या रंज नहीं होगा परिणाम स्वरूप खिलाफत आंदोलन कर मुस्लिम समाज द्वारा असंख्य हिन्दुओ की हत्या भी की गयी लेकिन हिन्दू मौन रहा , धर्म के नाम पर पाकिस्तान को बहुत बड़ा भू भाग मिलने के पश्चात भी लगभग तीन करोड़ मुसलमान भारत में ही रूक गए तब भी हिन्दुओ ने मुसलमानो को अपना भाई माना लेकिन मजहबी कटटरपंथी शिक्षा ने मुसलमानो को कभी यह नहीं मानने दिया की गैर इस्लामिक समाज को भी इस धरती पर शांतिपूर्ण रूप से जीने का अधिकार है ।यदि वास्तव में दूरियां कम करनी है तो सर्वप्रथम उस शिक्षा पर प्रतिबंध लगे जिससे भारत में ही नहीं पुरे विश्व में गैर इस्लामिक समाज के प्रति वैमन्यस्ता निरंतर पोषित हो रही है अन्यथा आप कितना ही भाईचारा निभाते रहे सामने वाले पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा ।यह बिलकुल उस प्रकार है की गाय मौन होकर मानव जाति और प्रकृति का पोषण करती है पर गायों की हत्या और मांस बिक्री पर किसी भी न्यायालय ने संज्ञान नहीं लिया जबकि कुत्तों की प्रजाति जो संगठित रूप से रहते हैं और समय आने पर संगठित होकर भौंकते भी हैं तो उनकी आवाज न्यायालय तक भी पहुँच गयी ।

# ताजपुर मेले में गुम हुआ पर्स महिला को सौंपा



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**नूरपुर।** ताजपुर के दोएज मेला में भीड़ के कारण स्थानीय निवासी राजबाला देवी पत्नी स्वर्गीय नरेंद्र सिंह मोहल्ला जोशियांन का पर्स गायब हो गया था।

पुलिस की सक्रियता के चलते ताजपुर चौकी इंचार्ज राजवीर सिंह ने अपनी टीम के साथ मिलकर पर्स की तलाश की और बरामद कर महिला को सौंप दिया । पर्स में 1300 रुपए थे। पर्स मिलने पर राजबाला देवी ने पुलिस का धन्यवाद किया।पुलिस टीम में जो की ताजपुर चौकी प्रभारी उप निरीक्षक राजवीर सिंह, उप निरीक्षक वर्षा यादव, कांस्टेबल सोनी तोमर, शिखा चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# बागपत में गुरू ग्रन्थ साहिब व जपुजी साहिब के अखण्ड़ पाठ का हुआ प्रकाश

वेलकम इंडिया



**बागपत, उत्तर प्रदेश।** विवेक जैन। गौरीपुर बागपत के सोनीपत रोड़ स्थित संकट मोचन श्री हनुमान मंदिर राम लखन जानकी जी के पावन दरबार में श्री गुरू ग्रन्थ साहिब जी व जपुजी साहिब के 48 घंटे के अखंड़ पाठ व 48 घंटे के लिए मूल मंत्र माला का अखण्ड़ प्रकाश हुआ। श्री गुरू ग्रन्थ साहिब जी, जपुजी साहिब व मूल मंत्र माला के प्रकाश से पूर्व गुरू महाराज धर्मवीर भगत जी ने विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कराते हुए यज्ञशाला में 12 माला ब्रहम गायत्री से हवन शुरू कराया और हवन पूर्ण आहुति के साथ सम्पन्न हुआ। हवन में हवन आचार्य पंड़ित पुरूषोत्तम उपाध्याय और हवन में ओमप्रकाश आर्य, भीमसिंह, राजेन्द्र सिंह अहैड़ा, विक्की व बाबूराम ने आहूति डाली। संकट मोचन श्री हनुमान मंदिर राम लखन जानकी जी के पावन दरबार की ओर से रणवीर सिंह ने बताया कि 25 अगस्त को लगभग 9 बजे सुबह पाठ का प्रकाश हुआ है। 26 अगस्त 2025 को लगभग 9 बजे सुबह मध्य का भोग होगा। उसके बाद यज्ञशाला में 12 माला ब्रहम गायत्री से हवन होगा और हवन की पूर्ण आहुति होगी। 27 अगस्त 2025 को लगभग 9 बजे सुबह यज्ञशाला में 12 माला ब्रहम गायत्री से हवन होगा व हवन की पूर्ण आहुति होगी और आरती व अरदास के साथ श्री गुरू ग्रन्थ साहिब जी व जपुजी साहिब का अखण्ड़ पाठ पूर्ण होगा और मूल मंत्र की अखण्ड़ माला पूर्ण होगी। इसके उपरान्त प्रसाद का वितरण होगा। अखण्ड़ पाठ विनोद कुमार बिजनौर, जनकपाल सम्भल, विजयपाल सिंह सम्भल, मोहित कुमार सम्भल, रवि कुमार सम्भल, जगबीर सिंह, कृष्णवीर सिंह, हिमाचल, रामवीर सिंह व फौजी बड़े ही श्रद्धाभाव से कर रहे है।

# दलित उत्पीड़न के मामले किसी भी कीमत पर नहीं किए जाएंगे बर्दाश्तःरमेश चंद्र कुंडे

वेलकम इंडिया



बुलंदशहर सोमवार को समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाना चाहिए दलित उत्पीड़न के मामले किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे हमारी सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है उक्त निर्देश रमेश चन्द कुंडे सदस्य राज्य अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य ने जिले के प्रशासनिक अधिकारियों की लोक निर्माण विभाग के सभागार में हुई समीक्षा बैठक में व्यक्त किए। रमेश चन्द कुंडे अपर पुलिस अधीक्षक बुलंदशहर को निर्देशित किया कि थाने चौकी पर आने वाले सभी पीड़ितों को सम्मान पूर्वक सुनवाई हो।समीक्षा बैठक के उपरांत माननीय सदस्य द्वारा समाज कल्याण के बालिका छात्रावास का निरीक्षण किया और समाज कल्याण अधिकारी को बालिका छात्रावास का बोर्ड तथा सफाई व्यवस्था हेतु निर्देशित किया। इसे बाद नगर पालिका परिषद बुलंदशहर का निरीक्षण कर सफाई कर्मचारियों से संवाद कर उनकी समस्याओं के निस्तारण हेतु तत्काल अधिकारियों को निर्देशित किया समीक्षा बैठक में रमेश चन्द कुंडे सदस्य राज्य अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति आयोग उत्तर प्रदेश,अपना दल एस बुलंदशहर के जिलाध्यक्ष राजकुमार भुर्जी,अपर जिलाधिकारी प्रशासन,अपर पुलिस अधीक्षक बुलंदशहर,नगर मजिस्ट्रेट,समाज कल्याण अधिकारी,समस्त नगर पालिका परिषद नगर पंचायतों के अधिशाषी अधिकारी,जल निगम के अभियन्ता आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# धार्मिक यात्रा पर जा रहे श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली ट्रक से टकराई, नौ की मौत, 42 घायल

**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहर.** थाना अरनिया क्षेत्र के अरनिया बाईपास (बुलंदशहर-अलीगढ़ बॉर्डर) पर रविवार देर रात बड़ा सड़क हादसा हो गया। रात्रि करीब 2:10 बजे ट्रैक्टर-ट्रॉली और कैंटर ट्रक (ल्फ 38 8195) की भिड़ंत में ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई। हादसे में 9 श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि 42 लोग घायल हो गए। सभी श्रद्धालु ग्राम रफातपुर थाना सोरों जनपद कासगंज से राजस्थान के जहारपीर धार्मिक यात्रा पर जा रहे थे।

रात्रि में सूचना मिलते ही डीएम व एसएसपी व थाना अरनिया पुलिस और आसपास की थानों की फोर्स मौके पर पहुँची और घायलों को तत्काल अस्पतालों में भर्ती कराया। घायलों को कैलाश हॉस्पिटल खुर्जा, सीएचसी जटिया व सीएचसी मुनि अस्पताल में प्राथमिक उपचार दिया गया। गंभीर रूप से घायल लोगों को मेडिकल कॉलेज अलीगढ़ व जिला अस्पताल बुलंदशहर रेफर किया गया। घायलों का इलाज कैलाश अस्पताल खुर्जा में चल रहा है। पुलिस ने घटना में शामिल कैंटर ट्रक को कब्जे में ले लिया है। ट्रक फरीदाबाद निवासी संध्या पत्नी संदीप के नाम पर पंजीकृत है, जिसमें धान की भूसी लदी हुई थी। मृतकों की सूची में ईयू बाबू (40 वर्ष), निवासी मिलकिनिया, थाना सोरों, कासगंज झ ट्रैक्टर चालक व रामबेटी (65 वर्ष), पत्नी सोरन सिंह, निवासी रफातपुर, सोरों, कासगंज व चांदनी (12 वर्ष), पुत्री कालीचरण, निवासी रफातपुर, सोरों, कासगंज व घनीराम (40 वर्ष), निवासी मिलकिनिया, सोरों, कासगंज व मोक्षी (40 वर्ष), निवासी मिलकिनिया, सोरों, कासगंज व शिवांश (06 वर्ष), पुत्र अजय, निवासी मिलकिनिया, सोरों, कासगंज व योगेश (50 वर्ष), पुत्र रामप्रकाश, निवासी रफातपुर, सोरों, कासगंज व विनोद (45 वर्ष), पुत्र सोरन सिंह, निवासी रफातपुर, सोरों, कासगंज व एक म्रतक का नाम मालूम नहीं है। घायलों की संख्या 42 है, जिनमें पुरुष, महिलाएँ व बच्चे शामिल हैं। सभी घायल कासगंज जनपद के रफातपुर, मिलकिनिया, आनंदपुर व अन्य गाँवों के रहने वाले हैं। पुलिस प्रशासन ने घायलों को हरसंभव चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही है। हादसे की जानकारी मिलते ही मंडलायुक्त मेरठ डॉ. हृषिकेश भास्कर यशोद, पुलिस उप महानिरीक्षक कलानिधि नैथानी, जिलाधिकारी श्रुति व एसएसपी दिनेश कुमार ने दुर्घटना में घायल व्यक्तियों का कैलाश हॉस्पिटल में हाल जाना व परिजनों से मुलाकात की। साथ ही घटनास्थल का निरीक्षण भी किया। सड़क दुर्घटना में हुई जनहानि पर *मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश* ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने पीड़ित परिवारों हेतु त्वरित राहत के निर्देश दिए हैं। मृतकों के परिजनों को ?2 लाख की आर्थिक सहायता। गंभीर घायलों को ?50,000 की सहायता। अन्य घायलों का समस्त उपचार व्यय सरकार वहन करेगी। खुर्जा क्षेत्र में हुए हादसे में घायल 42 लोगों में से 31 को उपचार के बाद डिस्चार्ज कर कासगंज भेजा गया। वहीं, 9 मृतकों के शव पोस्टमार्टम उपरांत कासगंज रवाना किए गए।





## व्यक्ति के जीवन में व्याप्त तीनों तापों का नाश करती है श्रीमद्भागवत : भागवताचार्य कृष्ण गोपाल सुवेदी महाराज

**(डॉ. गोपाल चतुर्वेदी)**

**वृन्दावन।** रुक्मणि विहार, सैक्टर-1 स्थित भक्ति धाम में भक्ति धाम वैलफेयर एंड चैरिटेबल ट्रस्ट, पटियाला/वृन्दावन के आठवें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में चल रहे अष्ट दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ महोत्सव में व्यासपीठ से विश्वविख्यात भागवताचार्य कृष्ण गोपाल सुवेदी महाराज ने अपनी सुमधुर वाणी के द्वारा देश के विभिन्न प्रांतों से आए समस्त भक्त-श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत महापुराण की महिमा बताते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत केवल एक ग्रंथ ही नहीं अपितु स्वयं अखिल कोटि ब्रह्माण्ड नायक परब्रह्म परमेश्वर भगवान श्रीकृष्ण का वांग्मय स्वरूप है।इसके श्रवण करने से व्यक्ति के जीवन में व्याप्त तीनों तापों का नाश हो जाता है।साथ ही उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण विश्व में ऐसे धार्मिक आयोजन होते रहने चाहिए। इन्ही से प्राचीन भारतीय वैदिक सनातन संस्कृति पल्लवित व पोषित होती है।श्रीधाम वृन्दावन की पावन भूमि वह दिव्य भूमि है,जहां जन-जन के आराध्य ठाकुर श्रीराधा-कृष्ण के चरण पड़े थे।इस दिव्य भूमि में श्रीमद्भागवत महापुराण की कथा श्रवण करने से अन्य स्थानों की तुलना में शतगुणा अधिक फल प्राप्त होता है। महोत्सव में भक्ति धाम वैलफेयर एंड चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष के. एल. बंसल, उपाध्यक्ष नरेश गोयल, मुख्य सलाहकार डॉ. आर. के. गर्ग एवं महामंत्री संदीप कुमार सिंगला, प्रख्यात साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी, राम शरण गुप्ता, कर्म चंद्र गोयल, अशोक बंसल, मुकेश बंसल, सुधीर सिंगला, रूपाली सिंगला आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



## चोली में 11 फीट के सिद्धेश्वर षडानन गणेश की पाषाण की चमत्कारी मूर्ति

**वेलकम इंडिया**

**इंदौर।** चोली ग्राम प्राचीन मंदिरों का गढ़ होने से यह देवगढ़ चोली के नाम से भी जाना जाता है। यहां सिद्धेश्वर षडानन गणेश मंदिर में 11 फीट ऊंची नृत्य मुद्रा में भगवान गणेश जी विराजमान हैं जो एक ही विशाल पत्थर से निर्मित है। देवगढ़ चोली में सदैव धार्मिक आयोजन होते रहते हैं। यहां गौरी सोमनाथ मंदिर हैं जहां प्रदेश में दूसरे नंबर का करीब आठ फीट ऊंचा शिवलिंग स्थापित है। गणेश मूर्ति व शिवलिंग अतिप्राचीन व दुर्लभ है जो अन्यत्र कहीं नहीं है। इनके अलावा इन प्राचीन मंदिरों पर नक्काशी व अन्य देवताओं की मूर्तियां भी है। शिवलिंग के सामने विशाल पत्थर को तराशकर नंदी बनाया है। व सामने सुंदर तालाब व दो बावड़ियां भी है। परमार कालीन निर्माण व अवशेष चिन्ह सौ साल से अधिक समय से मिलते रहें हैं। मंदिरों की श्रृंखला में : ओंकारेश्वर मंदिर, चौंसठ योगीनी मंदिर, बावन भैरव मंदिर (जागृत मूर्ति), राधाविनोद बिहारी मंदिर जिसमें ललिता जी साथ है, पाताल भैरवी मंदिर , साढ़े ग्यारह हनुमान मंदिर भी चोली में स्थापित हैं इनमें कुछ पुरानी सदी के व महाभारत कालीन हैं ऐसी किंवदंतियां है। कुछ बुजुर्ग लोग बताते कि यहां स्थित मंदिर व मुर्तियां देवताओं द्वारा बनाई सी प्रतीत होती है। निश्चित यहां के मंदिर चमत्कारी हैं। यहां पर पास में महेश्वर, मांडव, धार ऐतिहासिक स्थल होने से पर्यटक वर्षभर यहां पर आते रहते हैं। अनेक विधायक, सांसद, मंत्रियों व विशिष्ट ख्यातनामी हस्तियों का प्राचीन गणेश मंदिर पर दर्शन करने, आशीर्वाद लेने आना होता हैं, चुनाव के समय, मंत्री, विधायक, सांसद बनने पर, मनोकामना पूर्ण होने पर ये श्रद्धालु व गणेश भक्त अवश्य आते ही हैं। इसी गणेश मंदिर के सामने मेरा जन्म भी मेरे नानाजी के घर 66 वर्ष पूर्व चतुर्थी को चार बजे हुआ था व इन्हीं के आशीर्वाद से मेरी लेखनी चलती है।



## भवन कर श्रेणी में बदलाव की मांग, व्यापार मंडल ने सीएम को भेजा पत्र

**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी।** कस्बे के उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और जिलाधिकारी शामली अरविंद कुमार चौहान को पत्र भेजकर कस्बे के भवन कर निर्धारण में संशोधन की मांग की है। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ईश्वर दयाल कंसल, सचिन गोयल, श्रीकांत जैन और मोहनलाल चावला ने पत्र में बताया कि शासन द्वारा निर्धारित भवन कर श्रेणियां कस्बे की वास्तविक स्थिति से मेल नहीं खातीं। शासन के अनुसार सबसे छोटी श्रेणी 9 मीटर चौड़ी सड़क पर बने भवनों की है, जबकि कस्बे में अधिकांश भवन 1.5 से 3 मीटर और 6 मीटर चौड़ी गलियों में बने हुए हैं। कस्बे में केवल लगभग 10 प्रतिशत मकान ही 9 मीटर चौड़ी सड़कों पर बने हैं।व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि इस व्यवस्था से कस्बे के लोगों पर भवन कर का भारी बोझ पड़ेगा और गरीब व मध्यम वर्ग समय से टैक्स अदा करने में असमर्थ रहेंगे। उन्होंने मांग की है कि भवन कर की श्रेणी को 3 मीटर और 6 मीटर सड़कों के अनुसार तय किया जाए।साथ ही यह भी आग्रह किया गया कि स प्रशासनिक बोर्ड को कर की दरें तय करने का अधिकार दिया जाए, ताकि क्षेत्रीय परिस्थितियों के अनुरूप उचित निर्णय लिया जा सके। व्यापार मंडल का कहना है कि यदि संशोधन नहीं किया गया तो कस्बे की बड़ी आबादी पर आर्थिक संकट गहराने का खतरा है।

## मलकपुर पंचायत में विकास योजनाओं पर गड़बड़ी का आरोप

**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी।** ग्राम पंचायत मलकपुर में विकास योजनाओं को लेकर गंभीर आरोप सामने आए हैं। एक ग्रामीण का आरोप है कि बीते पाँच वर्षों के दौरान पंचायत को करोड़ों रुपये की सरकारी धनराशि मिली, लेकिन गांव में अपेक्षित विकास कार्य पूरे नहीं हो सके अल्पसंख्यक महिला विकास समिति के अध्यक्ष चौधरी अनीस ने बताया कि 01 मई 2021 से 20 जुलाई 2025 तक की पंचायत योजनाओं का विवरण सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत मांगा गया था। इस संबंध में पंचायत सचिव, खंड विकास अधिकारी कांधला, एडीओ और जिलाधिकारी शामली तक को आवेदन भेजे गए, किंतु आज तक किसी स्तर से कोई सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई। आरोप है कि गांव में सड़क, नाले–तालाब, शौचालय और पानी की टंकी जैसे बुनियादी कार्य अधूरे पड़े हैं। ग्राम प्रधान पर यह भी आरोप है कि उसने अपने चहेतों के घरों में ही समरसेबल लगवाए, जबकि अधिकांश ग्रामीण आज भी पानी की समस्या से जूझ रहे हैं।ग्राम प्रधान और सचिव पर सरकारी धन का दुरुपयोग करने के आरोप लगाए गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बच्चों के लिए मिलने वाला मिड–डे मील और कोटे का अनाज भी सही तरीके से वितरित नहीं हुआ। समिति का आरोप है कि प्रधान और सचिव खुलेआम यह कहते हैं कि ह्लजितनी आरटीआई लगा लो, हमारा कुछ नहीं बिगड़ेगा। समिति ने शासन–प्रशासन से मांग की है कि पंचायत की पाँच वर्षों की सभी योजनाओं का विशेष ऑडिट कराया जाए और दोषी प्रधान व सचिव के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर गबन की गई राशि सरकार के खाते में वापस कराई जाए। ग्रामीण का कहना है कि सरकारी योजनाएँ गांव की तरक्की और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए आती हैं, किंतु भ्रष्टाचार के चलते उनका लाभ जनता तक नहीं पहुँच पा रहा है।

## ससुर ने किया पुत्रवधू के साथ दुष्कर्म, मुकदमा दर्ज

**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी।** थाना क्षेत्र के गांव निवासी महिला की तहरीर पर एसपी के आदेश पर पुलिस ने महिला के ससुर पर दुष्कर्म सहित गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने एसपी राम सेवक गौतम को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि 9 जुलाई को पीड़िता अपने घर पर अकेली थी। पीड़िता का पति घर से बाहर गया हुआ था और बच्चे ट्यूशन पढ़ने के लिए गए थे। आरोप है कि इसी बीच पीड़िता का ससुर सुरेंद्र पाल पीड़िता के घर पहुंचा और पीड़िता को अकेली देखकर कहने लगा कि मैंने तुम्हारे पति पर झूठा मुकदमा दर्ज कराया था। जिसके में कोर्ट में ब्यान कर मुकदमा खत्म करा दूंगा, इसके बदले तुम्हें मुझे खुश करना होगा। आरोप है कि पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपी ससुर ने पीड़िता के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म करते हुए पीड़िता के पति और बच्चों को जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता का आरोप है कि पीड़िता के ससुर ने किसी को भी घटना के बारे में बताने पर बच्चों सहित पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी थी और मौके से फरार हो गया था। पीड़िता ने मामले की शिकायत स्थानीय पुलिस से की तो आरोप है कि स्थानीय पुलिस ने मामले में कोई कार्रवाई नहीं की थी। पीड़िता ने मामले में एसपी रामसेवक गौतम को शिकायत कर कार्रवाई की मांग की थी। एसपी रामसेवक गौतम ने स्थानीय पुलिस को मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजने के आदेश दिए थे। पुलिस ने एसपी के आदेश पर आरोपी ससुर पर गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर दिया गया है। शीघ्र ही आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

## दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत, मामा भांजा घायल

**वेलकम इंडिया**

**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी** कस्बे के बुढ़ाना मार्ग पर रेलवे फाटक के निकट दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। बाइकों की भिड़ंत में एक बाइक पर सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि दूसरा बाइक सवार अपनी बाइक को लेकर मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने दोनों घायलों को कस्बे के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने दोनों घायलों की हालत को गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। थाना क्षेत्र के गांव सुन्ना निवासी शादाब पुत्र मीर हसन अपने भांजे अनस निवासी हरसोली थाना शाहपुर जनपद मुजफ्फरनगर के साथ बाइक पर सवार होकर किसी कार्य से कस्बे में आया था। कार्य समाप्त कर दोनों मामा भांजे बाइक पर सवार होकर वापस अपने गांव सुन्ना लौट रहे थे। जैसे ही दोनों बाइक सवार बुढ़ाना मार्ग स्थित रेलवे फाटक के निकट पहुंचे तो बुढ़ाना की ओर से आ रहे बाइक सवार से आमने-सामने की टक्कर हो गई। आमने-सामने की टक्कर में बाइक सवार सादाब और अनस गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि दूसरा बाइक सवार अपनी बाइक को मौके से लेकर फरार हो गया। राहगीरों ने मामले की सूचना 108 एंबुलेंस को दी। सूचना पर 108 एंबुलेंस ने मौके पहुंच कर दोनों घायलों को कस्बे के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने दोनों घायलों की हालत को गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। जहां पर शादाब की हालत चिंताजनक बनी हुई है।



## रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**स्योहारा।** थाना क्षेत्र के ग्राम श्यामाबाद, मुरादाबाद रोड पर रविवार को रोडवेज बस की साइड लगने से एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया।

घायल व्यक्ति की पहचान चन्द्रपाल सिंह (60 वर्ष) पुत्र महेश्वरी सिंह निवासी ग्राम आलमपुरी, थाना स्योहारा के रूप में हुई है। हादसे के बाद उन्हें तत्काल स्थानीय लोगों की मदद से एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहाँ उनका उपचार जारी है।सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुँची और घटना की जानकारी ली।



## आठ दिवस से चल रही श्रीमद् भागवत कथा का समापन हुआ भंडारे के साथ



**वेलकम इंडिया**

श्री बाबा झारखंडी महादेव शिव मंदिर, नगर निगम मेरठ में ₹श्रीमद् भागवत कथा₹ के उपलक्ष मे अष्ठम दिवस पर ₹ श्रीमद् भागवत कथा ₹ मे वृंदावन से पधारे व्यास पीठ पर डॉङ्घ मनोज मोहन शास्त्री ने भक्तो अपना आशीष दिया ओर प्रभु की भक्ति मे लीन रहने के लिए आशीर्वाद दिया। प्रात: 10 बजे से हवन शुरू हुआ ओर 12 बजे पूर्ण आहुति के साथ भाटो ने परिक्रमा लगायी तात प्रश्चात ब्रह्मण को भोग लगा के भंडारे का प्रारम्भ किया जो की दर शाम तक वितरित हुआ। इस अवसर पर कथा व भंडारे की रूप रेखा अशोक कुमार ,अनिल रस्तोगी, अरुण अग्रवाल, अतुल गर्ग, दीपक अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, अभिषेक मित्तल, अमित भारद्वाज, मयंक मेहेश्वरी, हिमांशु शर्मा, वेद प्रकाश, सचिन गुप्ता ,नितिन गुप्ता, राजु वर्मा, अमन अग्रवाल , राजेश शर्मा, एव समिति के सभी सदस्यो का पूर्ण सहयोग रहा।

## उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट (उपज) के प्रदेश उपाध्यक्ष चुने गए अजय चौधरी

**उज्जवल रस्तौगी**

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट्स (संबद्ध नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स इंडिया) की आम सभा एवं कार्यकारिणी बैठक वाराणसी में संपन्न हुई। बैठक में संगठन के विभिन्न पदों के लिए सर्वसम्मति से चुनाव संपन्न कराए गए। इस अवसर पर नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश शर्मा, राष्ट्रीय महासचिव त्रियुग नारायण तिवारी, उत्तर प्रदेश पत्रकार मान्यता समिति के सचिव भारत सिंह तथा वाराणसी के एमएलसी धर्मेंद्र सिंह राय मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम का संयोजन वाराणसी के वरिष्ठ पत्रकार एवं उपज अध्यक्ष विनोद बागी ने किया। निर्वाचन अधिकारी राजीव शुक्ल ने नामांकन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की और चुनाव परिणाम घोषित किए। चुनाव में प्रदेश अध्यक्ष पद पर सर्वेश कुमार सिंह, महामंत्री पद पर आनंद कारण तथा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले से वरिष्ठ पत्रकार एवं उपज जिला अध्यक्ष अजय चौधरी को प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित किया गया। निर्वाचन अधिकारी ने सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया। ज्ञात हो कि वरिष्ठ पत्रकार अजय चौधरी पिछले एक दशक से संगठन की मजबूती और पत्रकार हितों के लिए निरंतर सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। वे वर्ष 2019 में उपजा के अध्यक्ष तथा इसके बाद उपज के अध्यक्ष रह चुके हैं। लगभग 17 वर्षों से पत्रकारिता में अपनी सेवाएँ दे रहे अजय चौधरी के चयन पर मेरठ सहित प्रदेशभर के पत्रकारों एवं संगठन पदाधिकारियों ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं।



# जल भराव क्षेत्रों में जल निकासी एवं फॉगिंग करवाना सुनिश्चित करें: एडीएम

वेलकम इंडिया



**धौलपुर।** बिजली, पानी, मौसमी बीमारियों को लेकर अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन जिला कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक में उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारी को जिले मे सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति रखने, आमजन की विद्युत संबंधी समस्याओं का समय सीमा में निस्तारण करने हेतु विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने सीएमएचओ को मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम एवं उपचार हेतु तैयारियां किए जाने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मौसमी बीमारियों के संबंध मे सतर्क व सक्रिय रहकर कार्य करते हुए विभागीय कार्मिकों द्वारा व्यापक रूप से एंटी लार्वा गतिविधियां संपादित करवाएं। साथ ही नगर परिषद जल भराव क्षेत्रों में फॉगिंग कराया जाना सुनिश्चित करे। साथ ही जल जमाव वाली कॉलोनियों में सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। टीबी मुक्त अभियान की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्धारित लक्ष्य अनुसार मरीजों का स्पुटम टेस्ट करवाने के साथ ही अधिक से अधिक लोगों को निक्षय मित्र बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी क्षेत्रों से निष्फल बुवाई के प्रस्ताव मंगवाने के निर्देश दिए। बैठक में सभी विभागों से संबंधित बजट घोषणाओं की समीक्षा कर अपेक्षित कार्यवाही हेतु निर्देश दिए। राजस्थान संपर्क पोर्टल पर लंबित चल रहे प्रकरणों, मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त प्रकरण, जनसुनवाई मे प्राप्त प्रकरणों का समय पर निस्तारण करने के निर्देश दिये। मचकुण्ड मेला की तैयारियों के संबंध में की समीक्षा बैठक के दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर ने आगामी देवछठ मेले की तैयारियों की समीक्षा करते हुए आयुक्त नगर परिषद को मेला स्थल, परिक्रमा मार्ग व मुख्य मार्ग पर साफ-सफाई व्यवस्था करने के निर्देश दिए। मेले के दौरान लाईट एण्ड साउण्ड शो की मेनंटिनेंस करवाने, सरोवर की सफाई, अस्थाई शौचालय लगवाना, सार्वजनिक सुलभ शौचालयों की सफाई, फायर बिग्रेड की गाड़ियों की समुचित व्यवस्था, सरोवर घाटों पर महिलाओं के स्नान हेतु अस्थाई टैन्ट व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने निराश्रित पशुओं को पकड़कर अन्य गौशालाओं में पहुँचाने के निर्देश दिए। उन्होंने सरोवर के घाटों पर पर्याप्त प्रशिक्षित गोताखोरों को तैनात करने के निर्देश दिए। मेला स्थल व आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इन्तजाम करने के निर्देश दिए। बैठक में उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग धीरेन्द्र सिंह, उपखण्डाधिकारी साधना शर्मा, नगर परिषद आयुक्त अशोक शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# यूरिया खाद की कमी से किसान हो रहे हैं



वेलकम इंडिया

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** यूरिया खाद की कमी से किसान परेशान हैं। रसूलपुर किंतूर सहकारी समिति पर सोमवार को सुबह 5 बजे से ही किसान पहुंचने लगे ।समिति पर 250 बोरी यूरिया खाद के लिए 220 किसानों को टोकन दिए गए। भीड़ को देखते हुए पुलिस बल भी तैनात किया गया। सुबह 9 बजे समिति के सचिव रेहान और लेखपाल महेंद्र जायसवाल ने किसानों को लाइन में खड़ा कर टोकन वितरण शुरू किया ।इस समय धान की फसल के लिए यूरिया खाद की अधिक आवश्यकता है। निजी दुकानों पर यूरिया खाद उपलब्ध नहीं है। इस वजह से सहकारी समितियों पर किसानों की भीड़ उमड़ रही है। खाद की कम मात्रा होने से कई किसान टोकन नहीं पा सके और खाली हाथ लौट गए।समिति सचिव रेहान खान ने बताया कि आज 250 बोरी खाद के लिए टोकन बांटे गए हैं। अगली खेप आने पर बाकी बचे किसानों को टोकन के अनुसार खाद का वितरण किया जाएगा।

# निमार्णाधीन बस स्टेशन का राज्यमंत्री ने निरीक्षण कर एक माह के अंदर कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

वेलकम इंडिया

**रामसनेहीघाट बाराबंकी।** खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने सोमवार को नगर पंचायत स्थित निमार्णाधीन रोडवेज बस स्टेशन का निरीक्षण करते हुए कार्यदायी संस्था व रोडवेज अधिकारियों को एक माह के भीतर शेष कार्य पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बस स्टेशन का लोकार्पण 25 सितंबर से 5 अक्टूबर के बीच किसी भी स्थिति में किया जाएगा।

निरीक्षण के दौरान राज्य मंत्री के साथ कार्यदायी संस्था के अधिशासी अभियंता घनश्याम बिरला, अभियंता ए.के. शुक्ला, जेई संतोष यादव तथा एआरएम जमीला खातून मौजूद रहे। मंत्री ने पाया कि भवन निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। उन्होंने अभियंता ए.के. शुक्ला को रोजाना कार्यों की समीक्षा कर एक माह के भीतर सभी कार्य निपटाने का निर्देश दिया। श्री शर्मा ने कहा कि रोडवेज स्टेशन के सामने कट न होने की स्थिति में एआरएम एनएचआई को पत्र लिखें और शासन को स्टाफ, बसें व राजमार्ग पर संकेतक बोर्ड लगाने का प्रस्ताव भेजें। राज्य मंत्री श्री शर्मा ने निर्देशित किया कि जनपद को मिलने वाली 20 नई बसों में से अधिकांश को ग्रामीण क्षेत्रों से जोड़ा जाए, ताकि अधिक से अधिक गांवों को इसका लाभ मिल सके।

# कोट भ्रामरी मेले के पोस्टर का दर्जा मंत्री, विधायक और जिलाधिकारी ने किया विमोचन

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर**, दिनेश नेगी,कुमाऊ और गढ़वाल मंडल की आस्था का प्रमुख केंद्र कोट भ्रामरी में माँ नंदाष्टमी मेला धूमधाम के साथ मनाया जाएगा ।मेले को भव्य और दिव्य बनाने को लेकर जिलाधिकारी आशीष भटगांई की अध्यक्षता में कोट भ्रामरी मंदिर परिसर में बैठक आयोजित की गई ।मेले को भव्य और दिव्य बनाने हेतु मेला कमेटी सहित क्षेत्रीय जनता और जनप्रतिनिधियों ने मेले को ऐतिहासिक बनाने हेतु अपने विचार रखे ।साथ ही कोट भ्रामरी मेले के पोस्टर विमोचन भी किया गया ।क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियो और मेला कमेटी से जुड़े लोगों ने मेले की भव्यता बनाने हेतु अपने विचार व्यक्त किए। मेला समिति के संरक्षक और दर्जा राज्यमंत्री शिव सिंह बिष्ट ने अपने सम्बोधन में कहा कि बैजनाथ से कोट भ्रामरी मंदिर तक के पैदल मार्ग को पर्यटन विभाग द्वारा सुधारा जाएगा। मेले के शुभारंभ को लेकर मुख्यमंत्री सहित प्रभारी मंत्री और अन्य मंत्रियों को आमंत्रण पत्र भेजा गया है ।मेले को भव्य और दिव्य बनाने के लिए कोई कोरकसर नही की जाएगी। संक्षिप्त रूप से मेले की रूपरेखा, प्रस्तावना को बैठक में बताया ।और जिलाधिकारी से सभी विभागों को मेले को भव्य बनाने हेतु दी जाने वाली जिम्मेदारियों का ईमानदारी पूर्वक निर्वहम करने के निर्देश देने की अपील की ।उन्होंने ट्रक यूनियन द्वारा मेलार्थियों हेतु विशाल भंडारे के आयोजन के लिए उनका आभार जताया ।वही कपकोट विधायक सुरेश गढ़िया ने मेले को ऐतिहासिक बताते हुए मेले को भव्य बनाने हेतु मेलासमिति को भरपूर सहयोग देने, और जिला प्रशासन को मेले के कुशल आयोजन हेतु अपने स्तर से भरपूर सहयोग देने के लिए जिलाधिकारी से सभी अधिकारियों को उचित व्यवस्थाओं के निर्देश देने की अपील की ।वही जिलाधिकारी ने सभी लोगों को जिला प्रशासन द्वारा हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया ।बताया कि मेले में 19विभागीय स्टॉल लगाए जाएंगे और दुकानों के आवंटन और अन्य प्रमुख व्यवस्था हेतु जिला पंचायत द्वारा व्यवस्था कराई जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को उनकी जिम्मेदारियां निभाने के निर्देश दिए।

## बाढ़ प्रभावित लोगों को राज्यमंत्री ने वितरित किए आर्थिक सहायता के स्वीकृत पत्र

**रामसनेहीघाट बाराबंकी।** खाद्य रसद राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने सोमवार को तहसील सभागार कक्ष में एसडीएम अनुराग सिंह के साथ कटान पीड़ित गुनौली व जलालपुर तराई गांव के आठ प्रभावितों को करीब दस लाख रुपये की आर्थिक सहायता के स्वीकृत पत्र सौंपे। गुनौली गांव के सात परिवारों बाबादीन, नंदलाल, भगवत, रामफेर, प्रमिला, फूलमती व मंगला तथा जलालपुर तराई निवासी सूरे के घर नदी की धारा में समा गए थे। तहसीलदार महिमा मिश्रा व राजस्व टीम की जांच रिपोर्ट पर इन सभी को नौ लाख साठ हजार रुपये की सहायता मंजूर हुई ।इस अवसर पर पवन कुमार सिंह रिंकू,लकी सिंह, जवाहर वर्मा, अभिषेक सिंह, दीपक वर्मा, उमेश द्विवेदी व सुधाकर पांडे मौजूद रहे।

## सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल पाने की समस्या का हुआ समाधान

**सचिन गुप्ता सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** मेलारायगंज के किसानों को सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल पाने की समस्या का समाधान हो गया है। पंजरौली माइनर में अधिक बालू जमा होने के कारण बड़ी नहर का पानी खेतों तक नहीं पहुंच पा रहा था। इससे किसानों की धान की फसल सूखने लगी थी ।सोमवार को ग्राम प्रधान माजिद हाशमी ने इस समस्या को गंभीरता से लिया। उन्होंने ग्रामीणों से विचार–विमर्श किया। इसके बाद खउइ मशीन की मदद से माइनर में जमा सिल्ट की सफाई कराई। सफाई के बाद बड़ी नहर से पंजरौली माइनर में पानी का प्रवाह शुरू हो गया है ।इस अभियान में प्रधान माजिद हाशमी के साथ शहाबुद्दीन अंसारी, राशिद हाशमी, सैफ किदवई, जमील अहमद, मनोज यादव समेत सैकड़ों किसान मौजूद रहे। सफाई अभियान की इस पहल से क्षेत्र के किसानों को राहत मिली है। अब उनकी फसलों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिल सकेगा।

## लापरवाही:-शिक्षक की अनुपस्थिति से बच्चों को बिना पढ़ाई के लौटना पड़ा वापस

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** प्राथमिक विद्यालय सरदहा में सोमवार को शिक्षक की अनुपस्थिति में बच्चों को बिना पढ़ाई के वापस लौटना पड़ा। विद्यालय में नियुक्त शिक्षक सौरभ श्रीवास्तव ने सुबह 6 बजे विभागीय व्हाट्सएप ग्रुप में अस्वस्थता की सूचना दी ।स्कूल में रसोइया शांति देवी व संजय ने विद्यालय खोला। कुल 23 पंजीकृत छात्रों में से लगभग 20 बच्चे स्कूल आए। बच्चों को मिड–डे मील खिलाया गया और उसके बाद वे घर वापस चले गए ।शिक्षक सौरभ श्रीवास्तव का कहना है कि उन्होंने स्वास्थ्य खराब होने के कारण शिक्षा विभाग के व्हाट्सएप ग्रुप पर सूचना भेज दी थी। खंड शिक्षा अधिकारी फिजा मिर्जा ने कहा कि वाट्सएप पर छुट्टी की जानकारी नही हो पाई शिक्षक को फोन पर छुट्टी की जानकारी देनी चाहिए थी। उन्होंने इस लापरवाही पर स्पष्टीकरण नोटिस भेजने की बात कही है।

# आपदा प्रबंधन, विकास कार्यों और लंबित परियोजनाओं की जिलाधिकारी ने की गहन समीक्षा

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर,** गोविन्द मेहता,जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर आपदा प्रबंधन, विकास कार्यों और लंबित परियोजनाओं की गहन समीक्षा की। उन्होंने आपदा से हुए नुकसान के लिए बनाए गए प्रस्तावों की गहन समीक्षा करते हुए सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि आपदा कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी ।उन्होंने अभियान्त्रिकी सेवाओं को निर्देशित करते हुए किसी भी सड़क पर मलबा आने से यातायात व्यवस्था बाधित होने पर सूचना मिलते ही प्रभावी व्यवस्था करने, और राजस्व विभाग द्वारा आपदा प्रभावित लोगों को आपदा की स्थिति में 24 घंटे के भीतर राहत राशि उपलब्ध कराने, के निर्देश दिए ।जिलाधिकारी ने सुराग पुल परियोजना की धीमी प्रगति पर कड़ी नाराजगी जताते हुए वेबकोस को शीघ्र परियोजना को पूर्ण करने, शटरिंग कार्य तुरंत पूरा कर जल्द परियोजना का निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए ।खेल विभाग को निर्देशित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि बैडमिंटन कोर्ट का सीलिंग कार्य गुणवत्तापूर्ण हो, इसकी प्रमाणिकता कार्यदाई संस्थान द्वारा सुनिश्चित की जाए, गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए। उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित किया कि वे बीस सूत्रीय कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्तर की ग्रेडिंग में कोई गिरावट न आए। प्रत्येक विभाग अपनी जिम्मेदारी सुनिश्चित करें और समन्वय से कार्य करे। सीएम हेल्पलाइन 1905 मामले में किसी भी प्रकार की लंबित शिकायत पर उन्होंने गहरी नाराजगी व्यक्त की और कहा कि सभी विभाग सुनिश्चित करें कि इस प्रकरण में कोई लंबित शिकायत न रहे।

पशुपालन विभाग को बर्ड फ्लू पर सतर्क निगरानी रखने, शिक्षा विभाग को भारी वर्षा के दौरान आवश्यकतानुसार विद्यालयों में अवकाश सुनिश्चित करने, तथा स्वास्थ्य विभाग को पूरी सतर्कता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एंबुलेंस पूरी तरह सुसज्जित रहें, चिकित्सक हर समय उपलब्ध हों और स्वास्थ्य डेस्क सक्रिय रहें।

# चोरी की अर्टिगा कार बरामद कराने वाले जिला नियंत्रण कक्ष के पुलिसकर्मी सम्मानित



वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर।** जिला नियंत्रण कक्ष की सजगता और तत्परता से पुलिस ने चोरी की अर्टिगा कार बरामद कर ली। परी चौक, जनपद गौतमबुद्धनगर से चोरी हुई सफेद रंग की अर्टिगा गाड़ी की सूचना मिलते ही जिला नियंत्रण कक्ष में तैनात हेड कांस्टेबल अजीत कुमार और प्रधान परिचालक उपनिरीक्षक जावेद अली ने आरटी सेट के जरिए लगातार सीक्यू करते हुए पूरे जनपद में चेकिंग अभियान तेज कराया। इस प्रयास के परिणामस्वरूप गाड़ी की घेराबंदी कर भूड़ चौराहे पर उसे पकड़ लिया गया। गाड़ी की बरामदगी से न केवल चोरी की घटना का खुलासा हुआ बल्कि पुलिस की त्वरित कार्यवाही से अपराधियों के हौसले भी पस्त हुए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने सोमवार को पुलिस कार्यालय में जिला नियंत्रण कक्ष के अधिकारियों और कर्मचारियों को उत्साहवर्धन हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने सभी को भविष्य में भी इसी प्रकार मेहनत, लगन और ईमानदारी से कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

# देवाईचपार परसा में नाली जाम, सड़क पर बह रहा गंदा पानी



**कठेला/सिद्धार्थनगर।** विकास खंड इटवा के ग्राम पंचायत देवाईचपार परसा में नालियां जाम हैं और गंदगी का अंबार लगा हुआ है। बारिश के बाद गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। जिससे पैदल चलने में परेशानी हो रही है। ग्राम पंचायत में एक सफाईकर्मी तैनात हैं, लेकिन वह गांव में कभी नहीं आया है। सरकार मॉडल गांव विकसित करने के लिए सोख्ता गड्ढा, नालियां, कचरा पात्र, ई–रिक्शा आदि पर करोड़ों रुपये खर्च कर चुकी है, लेकिन नतीजे जमीन पर नहीं दिख रहे। सफाईकर्मी व्हाट्सएप पर फोटो भेजकर उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। हकीकत में कई बार पंचायत भवन या विद्यालय में झाड़ू लगाकर ही औपचारिकता पूरी कर दी जाती है। इस क्रम में ग्राम पंचायत देवाईचपार परसा के साथ इससे जुड़े दो टोले में नालियां जाम हैं। गांव के जाने वाले प्रत्येक रास्ते पर नाबदान का गंदा पानी बह रहा है। ग्रामीण मो0रजा, संतोषी, केवल, इस्लाम,सुनीता, लैश, ललाऊ ,विजय,असलम, सलीम, मुस्लिम, सफात आदि लोगों का कहना है कि बदइंतजामी से संक्रमण का खतरा बढ़ रहा है।

# सार्वजनिक स्थलों को लेकर नगर आयुक्त की जुमार्ना सूची... कहां पर कितना लगेगा जुमार्ना आईए जानते हैं

वेलकम इंडिया/चरण सिंह




**बरेली।** अब बरेली में सार्वजनिक स्थलों पर पालतू पशु को छोड़ने पर पांच हजार रुपये तक का जुमार्ना भरना पड़ सकता है। अभी तक यह रकम 200 रुपये प्रतिदिन थी। लेकिन जल्द ही इस प्रस्ताव पर नगर निगम सदन की मुहर लगते ही यह जुमार्ना 25 गुना तक बढ़ जाएगा। इसी के साथ बरातघरों के बाहर कूड़ा फेंकने पर जुमार्ना दो हजार से बढ़ाकर 25 हजार रुपये प्रतिदिन करने का प्रस्ताव प्रक्रिया में है। अन्य सावर्जनिक स्थलों पर कूड़ा आदि फेंकने पर भी जुमार्ने की दरें बढ़ाई जा सकती हैं। सड़क किनारे, आम रास्ते पर दुकानों के सामने स्थित सार्वजनिक जमीन पर निर्माण सामग्री रखकर बेचने पर 20,000 हजार रुपये प्रतिदिन जुमार्ने का प्रस्ताव है। प्रतिष्ठान पर डस्टबिन नहीं रखने पर पहली बार पांच सौ, दूसरी बार 15 सौ रुपये जुमार्ना देना होगा। यही नही यदि सार्वजनिक स्थल पर किसी ने थूका तो 500 रुपये तक जुमार्ना देना पड़ सकता है। सड़क किनारे जनरेटर रखने पर उसकी क्षमतानुसार 10-30 हजार रुपये तक जुमार्ना वसूला जाएगा। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने बताया कि सदन की मुहर लगते ही ये नई दरें शहर में प्रभावी हो जाएंगी।

# यूरिया वितरण के दौरान दो किसानों के बीच मारपीट

असदुल्लाह सिद्दीकी



**बर्डपुर/सिद्धार्थनगर।** विकास खंड बर्डपुर के नोनहवा चौराहे पर यूरिया खाद वितरण के दौरान अव्यवस्था की स्थिति बन गई। चौधरी ट्रेडर्स की दुकान पर रविवार रात से किसान लाइन में बैठे थे। सोमवार सुबह राजस्व कर्मी और पुलिस की मौजूदगी में वितरण शुरू हुआ। वितरण में धांधली का आरोप लगाते हुए किसानों के बीच विवाद शुरू हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि मारपीट की नौबत आ गई। इस घटना में दो लोग घायल हुए। सूचना मिलने पर एसडीएम सदर ने कोतवाली से अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया। दुकानदार इसरार अहमद के स्टॉक रजिस्टर और वितरण रजिस्टर का निरीक्षण किया गया। जांच के बाद निर्णय लिया गया कि उर्वरक केवल बर्डपुर नंबर 6 के न्याय पंचायत के लोगों को वितरित किया जाएगा। इसमें महादेवा कुर्मी, बर्डपुर नंबर 1, बर्डपुर 6 और ग्राम पंचायत 4 के किसान शामिल हैं ।एसडीएम कल्याण सिंह मौर्य ने बताया कि चौधरी ट्रेडर्स पर 130 बोरी उर्वरक का वितरण होना था। मारपीट की स्थिति को देखते हुए पुलिस बल तैनात कर दिया गया। किसानों को शांतिपूर्वक यूरिया लेने के लिए निर्देशित किया गया। दुकानदार को निर्धारित मूल्य पर ही उर्वरक वितरण करने के निर्देश दिए गए हैं।

## कठेला में बने सामुदायिक शौचालय का खुलने का कोई समय सीमा तय नहीं



**कठेला/सिद्धार्थनगर।** विकास खंड इटवा क्षेत्र के ग्राम पंचायत कठेला बाजार स्थित समय माता थाना के पास बने सामुदायिक शौचालय का खुलने का कोई निश्चित समय सीमा तय नहीं है। जबकि सरकार ने इसे सुबह 5 बजे से 10 बजे और शाम 4 बजे से 8 बजे तक दो पालियों में खोलने का निर्देश दिया है। यह तय समय पर खुलना अनिवार्य है, शौचालय पर तैनात कर्मचारी की लापरवाही से गांव के ग्रामीण सामुदायिक शौचालय का लाभ नहीं उठा पा रहे। गांव निवासी भाईलाल, कक्कू, सूरज, विजय कुमार,जग्गू, रिषी कुमार, मनोज कुमार, रिंकू, रमेश, मंजू आदि ने शौचालय को समय अनुसार खुलवाने की मांग की है।

# हनीट्रैप गिरोह की महिला समेत पांच आरोपी गिरफ्तार, अश्लील वीडियो बनाकर करते थे वसूली

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता



**बरेली।** इज्जतनगर थाना पुलिस ने हनीट्रैप गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए एक रिटायर्ड दरोगा के बेटे और महिला समेत पांच शातिरों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए गिरोह के पास से घटना में प्रयुक्त छह मोबाइल फोन और एक स्कॉर्पियो कार बरामद की गई है। आरोपियों की गिरफ्तारी मिनी बाईपास रोड स्थित निमार्णाधीन रोडवेज बस स्टैंड के पास से हुई है। पुलिस के मुताबिक गिरोह का सरगना आकाश पुत्र नरेश कुमार है, जिसने अपने साथियों के साथ मिलकर भोले-भाले लोगों को हनी ट्रैप के जाल में फंसाकर लाखों की रंगदारी वसूलने की साजिश रची थी। गिरोह की मुख्य सदस्य हनी उर्फ नेहा खान पहले पीड़ित से फोन पर बातचीत कर उसे अपने जाल में फंसाती थी और फिर होटल या सुनसान जगह पर बुलाती थी। जिसके बाद गिरोह के अन्य सदस्य पीड़ित को घेर लेते थे। ताजा मामले में एक युवक को नेहा खान ने जाल में फंसाया था। महिला ने उसके वीडियो व फोटो बना लिए थे। फिर उसे होटल सहगल में बुलाया गया, जहां उसे गिरोह के गुड्डू बंजारा, अवधेश, आकाश, मिथलेश और अन्य साथियों ने स्कॉर्पियो में डालकर ले गए। मिनी बाईपास पर ले जाकर पीड़ित से मारपीट कर वीडियो-फोटो वायरल करने और दुष्कर्म के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई। बदनामी के डर से पीड़ित ने गिरोह को 30 हजार रुपये और सोने की अंगूठी सौंप दी। जिसके बाद आरोपी लगातार उस पर और रुपये देने के लिए दबाव बना रहे थे। एसएसपी के निर्देश पर गठित टीम ने मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर हनी उर्फ नेहा खान, गुड्डू बंजारा, अवधेश, आकाश और मिथलेश गंगवार को गिरफ्तार कर लिया। गिरोह का एक और सदस्य मोहित मिश्रा व दो अज्ञात अभी भी फरार बताए जा रहे हैं। आरोपियों के खिलाफ थाना इज्जतनगर में मुकदमें की कार्रवाई की गई है। सभी को रिमांड के लिए अदालत में पेश किया जाएगा। पुलिस के मुताबिक गिरोह के शातिर सदस्य कई युवकों को हनी ट्रैप के जरिए फंसा चुके हैं। ब्लैकमेलिंग का शिकार लोग अब तक सामने नहीं आए थे। हनी ट्रैप को लेकर इज्जतनगर पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। बताया जा रहा है कि अवधेश के पिता पुलिस के रिटायर्ड दरोगा हैं।

# सम्राट मिहिर गुर्जर की जयंती की पूर्व संध्या पर सपा नेता मुखिया गुर्जर गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**मेरठ/परीक्षितगढ़।** सम्राट मिहिर गुर्जर की जयंती से पूर्व समाजवादी पार्टी के नेता व अमरोहा की हसनपुर विधानसभा से पूर्व प्रत्याशी मुखिया गुर्जर की गिरफ्तारी ने क्षेत्रीय राजनीति में हलचल मचा दी है। पुलिस ने उन्हें जमीन से संबंधित प्रकरण में हिरासत में लिया। जानकारी के अनुसार, सीओ सिविल लाइन अभिषेक तिवारी के नेतृत्व में भारी पुलिस बल के साथ कार्रवाई करते हुए मुखिया गुर्जर को थाने लाया गया। इसके उपरांत स्वास्थ्य परीक्षण के बाद उन्हें कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में मेरठ प्रेषित किया गया। पुलिस का कहना है कि कस्बे के किठौर तिराहे स्थित कब्रिस्तान की भूमि (खसरा संख्या 1468) पर अवैध कब्जा करने, मिट्टी डालने तथा विरोध करने पर प्राणघातक धमकी देने का आरोप मुखिया गुर्जर पर है। इस बाबत कस्बा निवासी इरशाद पुत्र मुस्ताक द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। मुखिया गुर्जर ने गिरफ्तारी को राजनैतिक षड्यंत्र बताते हुए कहा कि उन्होंने मंगलवार को सम्राट मिहिर गुर्जर की जयंती पर भव्य रैली निकालने की अनुमति माँगी थी, किंतु षड्यंत्रपूर्वक उन्हें झूठे प्रकरण में फँसाकर आयोजन रोकने का प्रयास किया। उनका आरोप है कि सत्तारूढ़ दल का शासन तानाशाही स्वरूप ग्रहण कर चुका है, जो समाज के महापुरुषों की जयंती तक नहीं मनाने देता। दिनभर कस्बे और आस-पास के ग्रामों में मुखिया गुर्जर की गिरफ्तारी चर्चा का विषय बनी रही। समर्थकों एवं कार्यकताओं ने इसे राजनैतिक प्रतिशोध की कार्यवाही बताते हुए तीव्र असंतोष प्रकट किया।

# जर्जर पानी की टंकी बनी खतरे की घंटी, बड़ी दुर्घटना को दे रही न्यौता

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** ग्राम पंचायत अडींग में वर्षों पहले बनी पानी की टंकी अब पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है। इस खस्ताहाल टंकी की हालत देखकर ग्रामीणों को डर सता रहा है कि यदि जल्द कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो यह कभी भी धराशायी होकर बड़ा हादसा कर सकती है। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह टंकी पिछले कई वर्षों से उपयोग में नहीं है और अब इसकी दीवारों में दरारें आ चुकी हैं। लोहे का ढांचा भी पूरी तरह से जंग खा चुका है, जिससे यह किसी भी वक्त गिर सकती है। इसके बावजूद अब तक कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा और ना ही किसी प्रकार की जांच या कार्रवाई हुई है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि मथुरा क्षेत्र में पूर्व में एक पानी की टंकी गिरने से गंभीर हादसा हो चुका है, जिसमें कई लोगों की जान गई थी। इसके बावजूद अडींग में बनी इस जर्जर टंकी को लेकर प्रशासन की उदासीनता गंभीर सवाल खड़े कर रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जर्जर टंकी की तुरंत जांच कराई जाए। यदि टंकी उपयोग में नहीं है, तो उसे जल्द से जल्द गिराया जाए। आसपास के क्षेत्र को सुरक्षा की दृष्टि से प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किया जाए। इस प्रकार की लापरवाहियों के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए। टंकी के पास बच्चों का खेलना, लोगों का गुजरना अब खतरे से खाली नहीं है। पीतम सिंह, मुनीश स्वरूप बंदर प्रधान, गुलाब सिंह उर्फ गब्बर सैनी, यादराम सैनी, सोहनलाल, बाबूलाल, संजय सिंह, किशन सैनी, लक्ष्मण सैनी आदि स्थानीय लोगों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कोई कदम नहीं उठाया गया, तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

# अड़ींग में यादव समाज का भव्य नंदोत्सव



वेलकम इंडिया

**मथुरा।** ब्रज वाटिका कालोनी अड़ींग में अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा महिला इकाई एवं श्री कृष्णा अहिरानी यदुवंशी बृजवासी परिवार द्वारा नंद उत्सव का आयोजन किया गया। इसमें भगवान कृष्ण के बाल स्वरूपों के साथ नंद बाबा और यशोदा बने महिला परुषों ने नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल के जय घोष किए। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना, बालकृष्ण स्वरूप पूजन एवं श्रीकृष्ण की प्रतिमा को झूला झूलाकर हुआ। तदुपरांत यादव समाज की महिलाओं ने श्री कृष्ण का आह्वान गीत गया। इसके बाद महाराष्ट्र में समस्त मातृशक्ति ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। करीब 200 अहिरानियों ने सामूहिक नत्य किया। इससे पूर्व 2 घंटे भगवान कृष्ण की स्मृति में संकीर्तन हुआ। कार्यक्रम में महासभा महिला इकाई की प्रदेश अध्यक्ष मीना यादव, महासचिव विशिष्टा, नीतू, महानगर अध्यक्ष अंजू यादव, आशा, अड़ींग इकाई की सीमा, मंजू, मनीषा, ममता, कार्यक्रम में राष्ट्रीय कार्यकारी सदस्य एवं श्री कृष्ण जन्माष्टमी शोभायात्रा के संस्थापक प्रहलाद यादव, सूरजभान, चतुर्भुज, कमल सिंह, राजेन्द्र, धर्मवीर, दीनदयाल, मरारी लाल आदि ने बड़े सरकार भाग लिया। कार्यक्रम के अंत मैं सामूहिक भोग प्रसाद कराया गया। जिला अध्यक्ष पूनम यादव ने सभी अतिथियों और धर्म प्रेमियों का स्वागत सत्कार किया।

# सीडीओ ने पंचायत सचिवालय एवं आंगनवाड़ी केंद्र का किया निरीक्षण



बुलंदशहर सोमवार को मुख्य विकास अधिकारी निशा ग्रेवाल द्वारा ग्राम पंचायत धनौरा विकास खण्ड सिकन्द्राबाद स्थित पंचायत सचिवालय का निरीक्षण किया गया। पंचायत सचिवालय पर पौधारोपण कर, ग्राम वासियों को प्रेरित किया गया तथा सचिवालय में मैदान विकसित करने तथा पंचायत कार्यालय को जनोन्मुखी बनाने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी सुश्री निशा ग्रेवाल द्वारा नव निर्मित आँगनवाड़ी केन्द्र धनौरा 2, वि.ख. सिकन्द्राबाद का निरीक्षण किया गया। आंगनवाड़ी केन्दों को छोटे बच्चों के लिए आकर्षक वॉल पेंटिंग युक्त बनाया गया है, जिसकी सराहना की गयी। बच्चों के अनुकूल शौचालय में सुधार करने के निर्देश दिए गये।

# धूमधाम से मनाया संत बिहारी दास महाराज का वार्षिकोत्सव



वेलकम इंडिया

**मथुरा।** ब्रज के संत श्री बिहारी दास महाराज की पुण्यतिथि को सभी ब्रजवासी बड़े धूमधाम से मनाते हैं। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी महाराज जी की पुण्यतिथि को सभी लोगों ने बड़े हर्षोल्लास से मनाया। रविवार को सभी भक्तजन गणेश टीला, जयसिंहपुरा मथुरा पहुंचे और पूजा अर्चना की। रात्रि को सभी ब्रजवासियों तथा भक्तों ने मंडला जागरण कर महाराज श्री को भजन, ढोला सुनाए। सोमवार की सुबह महंत श्री कन्हैया दास जी महाराज के सानिध्य में हवन पूजा की गई। सभी भक्तों ने बड़ी श्रद्धा एवं भक्तिभाव से पूजा अर्चना व हवन किया। दोपहर को विशाल साधू, ब्राह्मण सेवा भंडारा प्रसादी का आयोजन किया गया जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर राधे बाबा, प्रहलाद दास बाबा, महंत कन्हैया दास महाराज, राघव शरण दास जी महाराज (राहुल बाबा), सेवक सुनील खंडेलवाल, गज्जू सैनी, गोपाल सेठ, मिंटू अग्रवाल, अमित गोस्वामी की भूमिका प्रमुख रही।

# भाकियू टिकैत के कार्यकताओं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**डिबाई, (बुलंदशहर) :** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के तहसील अध्यक्ष अभय सिंह के नेतृत्व में जिलाधिकारी बुलंदशहर के नाम एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी मनीष कुमार को डिबाई तहसील में सौंपा। ज्ञापन में था कि आवारा पशु व जानवर किसानों की फसल बर्बाद कर रहे हैं। कृषि कीटनाशक नकली दवा बाजारों में बिक्री की जा रही है। उर्वरक खाद यूरिया डी.ए.पी. की कालाबाजारी खुलेआम हो रही है। अनाज मंडी में घटतौली किसानों के साथ की जा रही है। बिजली की विभिन्न समस्याओं से लोग जूझ रहे हैं। ब्लॉक स्तर की विभिन्न समस्याएं किसानों की सामने आ रही है लेकिन उनका कोई समाधान नहीं हो पा रहा है। तहसील स्तर पर खतौनी में समस्याएं आ रही है लेकिन उसका कोई संशोधन नहीं हो पा रहा। सिचाई विभाग की काफी समस्याएं आ रही हैं। चक मार्ग व जमीन पर अवैध कब्जा हो रहे हैं। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारियों का कहना है कि यदि हमारी समस्याएं हल नहीं होती है तो हमें मजबूरन होकर स्टेट हाईवे 509 पर धरना प्रदर्शन करेंगे। जिसकी जिम्मेदारी तहसील प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने वालों में तहसील अध्यक्ष अभय सिंह, पूर्व तहसील अध्यक्ष रामदास प्रधान, ब्लॉक अध्यक्ष डिबाई जितेंद्र फौजी के अलावा हरपाल नेताजी, कन्ही सिंह, राजेंद्र सिंह, रामवीर सिंह पूर्व प्रधान, मुरारी लाल आदि मौजूद रहे।

# प्रेम प्रसंग में उलझी ज़िंदगी आठवीं की छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता

**बरेली।** थाना सुभाष नगर क्षेत्र के एक गांव में सोमवार सुबह उस समय मातम छा गया, जब कक्षा 8 में पढ़ने वाली 15 वर्षीय किशोरी ने घर के अंदर दुपट्टे से फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। इस घटना से परिवार और गांव में कोहराम मच गया।

इस घटना को लेकर मृतका की ताई ने बताया है कि कुछ महीने पहले किशोरी का पड़ोसी युवक साहिल से प्रेम प्रसंग हो गया था। 17 अगस्त को साहिल उसे घर से भगा ले गया। परिवार वालों ने इसकी सूचना तत्काल थाने में दी। जिसके बाद किशोरी अकेली बालामऊ स्टेशन के पास से मिल गई। जिसके बाद किशोरी के परिजनों ने साहिल के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। परिजनों का आरोप है कि इस मुकदमे के चलते रविवार शाम साहिल की मां निहगाह किशोरी के घर आई और उसे धमकाया। परिजनों का कहना है कि उसी धमकी से डरी-सहमी किशोरी ने सोमवार सुबह कमरे में दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।




सुबह जब वह काफी देर तक वह बाहर नहीं निकली तो परिजन दरवाजा तोड़कर अंदर गए, जहां उसका शव फंदे से लटका मिला। किशोरी की ताई ने यह भी आरोप लगाया कि जब साहिल उसे भगाकर ले गया था, उसी दौरान घर से जेवर और एक लाख से अधिक नकदी भी गायब हो गई। उनका कहना है कि किशोरी का जेवर का सारा सामान अभी भी साहिल के पास है। प्राप्त जानकारी के अनुसार किशोरी गांव के ही एक निजी स्कूल में कक्षा 8 की छात्रा थी। वह चार भाई-बहनों में सबसे बड़ी थी। पिता वेल्डिंग का काम करके परिवार का पालन-पोषण करते हैं। बेटी की मौत की खबर सुनकर पूरा परिवार गहरे सदमे में है।

# पुलिस ने पति सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**बुलंदशहर**/अहार क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला की ससुराल वालों ने फांसी लगाकर जान ले ली थी। पुलिस ने पति समेत चार आरोपियों को गिरफतार कर जेल भेज दिया है। एक गांव निवासी मृतका की पीड़ित मां ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि मेरी बेटी के ससुराल वाले दहेज में अतिरिक्त नगद पांच लाख रुपए और एक मोटरसाइकिल की मांग कर रहे थे। पीड़िता ने कहा कि 19 फरवरी 2024 को हिन्दू रीति रिवाज से खूब दहेज देकर शादी हुई थी। लेकिन ससुराल वाले फिर भी खुश नहीं थे।बार बार उसको शारिरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे।वह अपने मां और बहनों को अपनी परेशानी बताती थी। शुक्रवार को उन सब ने मिलकर उसकी जिला गौतमबुद्ध नगर के दादरी के एक मोहल्ले में हत्या कर दी। उसके बाद महिला के शव को छिपाने के उद्देश्य से नरसेना क्षेत्र के गांव सब्दलपुर ला रहे थे।इसी बीच मायके वालों को सूचना मिली और मौके पर पहुंच कर विरोध किया।

# पिता ने रील बनाने को मना किया तो 12वीं की छात्रा ने छोड़ा घर, पुलिस की समझदारी से सकुशल बरामद

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** रील बनाने पर 12वीं की छात्रा को उसके पिता ने थप्पड़ मार दिया, जिससे नाराज होकर वह घर से चली गई। उसने अपनी सहेली को साथ लिया और वृंदावन पहुंच गई। जब बेटी के लापता होने से परेशान घरवालों ने पुलिस को सूचना दी। तो पुलिस ने बड़ी ही समझदारी से दोनों ही छात्राओं को वृंदावन से तलाश कर लिया। जानकारी के अनुसार बारादरी थाना क्षेत्र निवासी एक दंपती शनिवार को पुलिस के पास पहुंचे। उन्होंने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी घर से मंदिर जाने की बात कहकर निकली थीं, लेकिन लौटकर नहीं आई। पूछताछ में पता चला कि वह अपनी सहेली के साथ गई हैं। दोनों अपने फोन साथ लेकर गई थीं। फोन बंद होने के कारण उनका नंबर नहीं लग रहा था, जिससे परिवार चिंतित था। दंपती की शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू की। पुलिस की जांच में छात्राओं की आखिरी लोकेशन बरेली की ही मिली। जिसके बाद पुलिस ने दोनों के सोशल मीडिया अकाउंट के बारे में जानकारी जुटानी शुरू की। पुलिस ने छात्रा के इंस्टाग्राम को ट्रेस किया तो पता चला कि वह सक्रिय है। छात्रा की छोटी बहन से उसके इंस्टाग्राम पर मैसेज भिजवाए। मैसेज में लिखा गया कि वह भी उनके साथ आना चाहती हैं। जिसके बाद पुलिस की एक महिला सिपाही ने चैटिंग की। इसके बाद छात्रा से नया नंबर मांग लिया। इसके बाद पुलिस ने उनकी लोकेशन ट्रेस की तो पता चला कि दोनों वृंदावन में हैं। जिसके बाद पुलिस ने दोनों को वृंदावन से बरामद कर उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस की पूछताछ में छात्रा ने बताया है कि बात-बात पर उसे डांटा जाता था।

# एसओजी टीम एक्शन में, अवैध मादक पदार्थों की तश्करी करने वाले गिरोहों में मची खलबली

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर,** गोविन्द मेहता, जिले में पुलिस की एसओजी टीम पूरे एक्शन में है।अब एसओजी लगातार अवैध मादक पदार्थों का काला कारोबार करने वालों पर कहर बनकर टूटेगी।वही लगातार एसओजी सहित विभिन्न थानों की पुलिस भी जिले से बाहर जाने वाले और अवैध नशे का काला कारोबार करने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर ऐसे अवैध नशे का कारोबार करने वालों पर शिकंजा कसेगी।एसओजी टीम द्वारा गत दिवस दो बड़े स्मैक का कारोबार करने वालों को पकड़ने के बाद अब पुलिस टीम ने एक चरस तश्कर को पकड़ने में सफलता पाई है।एसपी चन्द्रशेखर घोडके के निदेर्शानुसार तथा क्षेत्राधिकारी अजय साह के पर्यवेक्षण में जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे सघन चैकिंग अभियान के तहत एसओजी प्रभारी निरीक्षक सलाउद्दीन खान, के साथ उनकी टीम में शामिल हेड कांस्टेबल राजभानु, संतोष सिंह, रमेश सिंह, भुवन बोरा सहित सायबर मामलों के विशेषज्ञ चंदन कोहली कपकोट मार्ग में चेकिंग अभियान चला रहे थे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत सुखीपुर वि०ख०बनीकोडर-बाराबंकी।

/ग्रा०पां./मनरेगा/सामग्री–आपूर्ति/निविदा–सूचना/बनी०/2025–2026 दिनाँक 26–08–2025

### –:: निविदा सूचना ::–

विकास खण्ड बनीकोडर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सुखीपुर में मनरेगा योजनान्तर्गत जनहित में निम्नलिखित कार्य कराया जाना है। जिसके लिये सलंग्न बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार सामग्री आपूर्ति हेतु जीएसटी पंजीकृत मालिक/ ठेकेदार/आपूर्तिकताओं से स्वीकृत दरों के अधीन निम्नलिखित शर्तो एंव प्रतिबन्धों के अधीन निविदायें आमन्त्रित की जा रही है। निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय से दिनाँक 26–8–2025 से 28–8–2025 तक किसी भी कार्यदिवस में प्राप्त किये जा सकते है। मोहरबन्द निविदायें दिनाँक 30–8–2025 को प्रातः 10 से 02 बजे अपरान्ह तक निविदा बाक्स में डाली जायेगी तथा दिनाँक 30–8–2025 को ही ग्राम पंचायत की निविदा समिति के द्वारा ग्राम पंचायत कार्यालय/पंचायत भवन में फर्म मालिक ठेकेदार/आपूर्तिकताओं के समक्ष 3.00 बजे खोली जायेगी।

| क्र० सं० | कार्य का विवरण | आपूर्ति की जाने वाली सामग्री का विवरण | समग्री की मात्रा (सं०/ई०में) | अनु०लागत जीएसटी सहित (रू०लाख में) | धरोहर राशि (लाख रू०में) | निविदा मूल्य (रू०में) | कार्य पूर्ण। करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 | 08 |
| | ईंट गिट्टी | एम 3 टन | 18.20 एम3 | 26044.20 | 5% | 500/– | 2 माह |
| 02 | सीमेंट | टन | 3.15 टन | 24998.40 | | | |
| 03 | बालू | एम 3 | 9010 एम3 | 10510.50 | | | |
| 04 | मौरंग | एम3 | 3.03 एम3 | 8704.58 | | | |
| 05 | ईंट प्रथम श्रेणी | एम150 | 4247 अदद | 31062.56 | | | |
| 06 | लोकल ब्लू | एम3 | 9.81एम3 | 7210.35 | | | |
| 07 | इंटरलॉकिंग कार्य | 80एमएम | 150.96 एम3 | 131105.74 | | | |

०१–निविदा स्वीकृत होने पर सम्बन्धित जीएसटी पंजीकृत फर्म मालिक ठेकेदार/आपूर्तिकर्ता को उपरोक्तानुसार धरोहर राशि राष्ट्रीकृत/बैंक/पोस्ट आफिस द्वारा निर्गत डिमाण्ड ड्राफ्ट/पे–आडर्स/ प्रतिभूति प्रमाण पत्र : जो ग्राम पंचायत सुखीपुर बनीकोडर के नाम बंधक करते हुये जमा करना होगा।
०२–आपूर्तिकर्ता को सलंग्न बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार उपरोक्त वर्णित सामग्री की आपूर्ति सम्बन्धित सचिव/प्रधान / तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता के द्वारा बताये गये निर्दिष्ट समय/स्थान पर आपूर्ति करना होगा।
०३–आपूर्ति की गई सामग्री का मनरेगा योजनान्तर्गत थनराशि उपलब्ध होने पर ही नियमानुसार भुगतान की कार्यवाही की जायेगी, विलंब आदि के लिये कार्यदायी संस्था उत्तरदायी नही होगी।
०४–जी०एस०टी० पंजीकृत बिल ही मान्य होगा।
०५–विभिन्न प्रकार के शासकीय करों के भुगतान का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा।
०६–आपूर्ति की गयी सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप करने का उत्तरदायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा।
०७–आपूर्ति की गयी सामग्री के भाडा/किराये का अलग से भुगतान देय नही होगा।
०८–निविदा स्वीकृत होने पर सम्बन्धित फर्म मालिक ठेकेदार/आपूर्तिकर्ता से अनुबन्ध निष्पादित हो जाने पर ग्राम पंचायत सुखीपुर उपरोक्तानुसार प्राक्कलित/स्वीकृत सामग्री सम्बन्धित सचिव/प्रधान / तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता के निदेर्शानुसार उनके द्वारा निर्दिष्न समय/स्थान पर सामग्री की आपूर्ति करने पर विफल रहने पर धरोहर राशि जब्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।
०९–निर्धारित समय सीमा के पश्चात प्राप्त हुई किसी भी निविदा पर विचार नही किया जायेगा।
१०–निविदा फार्म पर किसी प्रकार की कटिंग या उपरिलेखन मान्य नही होगा।
११–निविदा फार्म पर दर का उल्लेख अंकों एंव शब्दों मे करना आवश्यक होगा।
१२–बिना कारण बताये किसी भी निविदा को अस्वीकृत करने का अधिकार सचिव/ग्राम प्रधान/निविदा समिति ग्राम पंचायत में निहित होगा।

**शिवबहादुर मौर्य**
**तकनीकी सहायक**
**सहायक मनरेगा**

**रोहित वर्मा**
**ग्राम पंचायत सचिव**
**बनीकोडर बाराबंकी**

जय प्रकाश सिंह
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत–सुखीपुर
बनीकोडर–बाराबंकी।

# गांव कलछीना मे विशेष चेकिंग अभियान चलाया ,187 व्यक्तियों के परिसर चैक किए

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** विद्युत वितरण खण्ड, मोदीनगर के अन्तर्गत ग्राम कलछीना मे विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। विद्युत चोरों पर कार्यवाही की गयी। विद्युत वितरण खण्ड, मोदीनगर के अधीन 33/11 के०वी० विद्युत उपकेन्द्र, मोदी स्टील, मोदीनगर के अन्तर्गत ग्राम कलछीना, मोदीनगर में महेश उपाध्याय, अधिशासी अभियनता, राम इकबाल उपखण्ड अधिकारी-तृतीया, संदीप कुमार, उपखण्ड अधिकारी-द्वितीय, चंदन पंडित, उपखण्ड अधिकारी-प्रथम, समस्त अवर अभियनता, लोकल पुलिस बल, पुलिस प्रवर्तन दल-द्वितीय, गाजियाबाद तथा अन्य लाईन स्टाफ की टीम का गठन कर विषेश चैंकिग अभियान चलाया गया।जिसके दौरान 187 व्यक्तियों के परिसर चैक किये गये जिसमें धारा 135 (ए०) के अन्तर्गत 52 नं०, धारा 138 (बी0) के अन्तर्गत 22, 5 न० स्टोर्ड रीडिंग, 5 न० मीटर पाए गए जो डेटाबेस में प्रदर्शित नहीं हो रहे थे। इसके अतिरिक्त धनराशि रु० 50000 से अधिक के बकायेदारों के 20 न० संयोजन विछेदित किये गए साथ ही साथ धनराशि रु० 100000 से अधिक के बकायेदारों के परिसरों से 5 न० मीटर उतार कर प्राथमिकी दर्ज करने एवं आवश्यक विभागीय नियमानुसार कार्यवाही की गई। विद्युत वितरण खण्ड, के अधिशासी अभियन्ता महेश उपाध्याय ने खण्ड के अन्तर्गत समस्त निवासीगणों से अनुरोध किया है कि जो सीधे विद्युत चोरी कर रहे है, ससमय नया संयोजन स्वीकृत कराये। साथ ही साथ ऐसे उपभोक्ता जिनके द्वारा गलत विद्या में विद्युत का प्रयोग कर रहे है, वह अपने उपखण्ड /खण्ड में उपस्थित होकर, अपने संयोजन की विद्या परिवर्तित करायें गये तथा समस्त विद्युत बकायेदार अपने नजदीकी जनसेवा केन्द्र/ऑनलाईन तथा उपकेन्द्र पर उपस्थित होकर अपने विद्युत बिल का भुगतान करें। अन्यथा की स्थिति में अस्थायी रूप से संयोजन विचछेदन तथा पुलिस प्रवर्तन दल, गाजियाबाद व विभागीय टीम के द्वारा विभागीय नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही करने की बाध्यता होगी।

# टिटनेस एवं डिप्थीरिया टीकाकरण अभियान का सफल आयोजन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** तुलसीराम माहेश्वरी पब्लिक स्कूल मे जिलाधिकारी के आदेशानुसार कक्षा पाँचवीं एवं दसवीं के विद्यार्थियों के लिए टीड्डडीड्ड (टिटनेस एवं डिप्थीरिया) टीकाकरण अभियान आयोजित किया गया। यह स्वास्थ्य पहल विद्यालय प्रबंधन, अभिभावकों एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त सहयोग से सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने उत्साह एवं जिम्मेदारी के साथ भाग लिया। अभियान की सफलता में देवेंद्र चौधरी एवं श्रीमती सारिका शंकर का योगदान विशेष रूप से सराहनीय रहा। साथ ही, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता पूजा , कविता ,कोमल एवं भारती का अथक सहयोग उल्लेखनीय रहा।विद्यालय परिवार इस अभियान को सफल बनाने वाले सभी अभिभावकों, सहयोगकताओं एवं स्वास्थ्य कर्मियों का हृदय से आभार व्यक्त करता है।ऐसे सामूहिक प्रयास ही बच्चों के स्वस्थ एवं उज्ज्वल भविष्य की नींव रखते हैं।

# टू मीडिया और देवप्रभा प्रकाशन ने किया आयोजन, 40 रचनाकारों को मिला वागीश्वरी सम्मान 2025

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** साहित्यिक जगत के लिए रविवार का दिन बेहद खास रहा। शालीमार गार्डन स्थित आयोजन स्थल पर टू मीडिया और देवप्रभा प्रकाशन के संयुक्त तत्वावधान में कवि डॉ. राजेश श्रीवास्तव 'राजज की 51 छंदों पर आधारित अनूठी कृति छंद मालिका का लोकार्पण हुआ।

इस मौके पर दिल्ली-एनसीआर और मुंबई से आए नामचीन साहित्यकारों की मौजूदगी ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक बना दिया। आयोजन की खासियत यह रही कि लोकार्पण के साथ-साथ लगभग 40 रचनाकारों को वागीश्वरी सम्मान-2025 से अलंकृत किया गया। इससे पूरे कार्यक्रम में साहित्यकारों के योगदान को सराहने और प्रोत्साहित करने की गरिमा और भी बढ़ गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता आकाशवाणी नई दिल्ली के सहायक निदेशक डॉ. राम अवतार बैरवा ने की। मुख्य अतिथि के रूप में हिंदी अकादमी दिल्ली के पूर्व उपसचिव ऋषि कुमार शर्मा मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथि देवप्रभा प्रकाशन के प्रमुख डॉ. चेतन आनंद और टू मीडिया के संस्थापक डॉ. ओमप्रकाश प्रजापति रहे। डॉ. राम अवतार बैरवा ने ₹छंद मालिका₹ को ऐसी पुस्तक बताया जिसे मंदिर में स्थापित किया जाना चाहिए। डॉ. चेतन आनंद ने पुस्तक में शामिल छंदों पर गहन विश्लेषण प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि ऋषि कुमार शर्मा ने कहा कि सरल भाषा में रचित यह शिक्षाप्रद कृति नवलेखकों, साहित्य प्रेमियों और विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी है। वहीं, डॉ. ओमप्रकाश प्रजापति ने भी कृति के साहित्यिक महत्व और बारीकियों को विस्तार से रेखांकित किया।

# आरकेजीआईटी को मिला रीजनल एक्सीलेंस अवॉर्ड; उपाध्यक्ष अक्षत गोयल विजनरी एकेडमिक लीडर अवॉर्ड से सम्मानित

वेलकम इंडिया




**गाज़ियाबाद, (अनिल वशिष्ठ)।** हैदराबाद में राज कुमार गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आर.के.जी.आई.टी.), गाज़ियाबाद को शिक्षा, नवाचार और कौशल विकास में उत्कृष्ट योगदान के लिए ईयू मीडिया, इंडिया द्वारा, कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय तथा राष्ट्रीय कौशल विकास निगम के प्रतिष्ठित बैनर तले, रीजनल एक्सीलेंस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इसी अवसर पर, आर.के.जी.आई.टी. के उपाध्यक्ष अक्षत गोयल को उनके दूरदर्शी नेतृत्व और कौशल आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए विजनरी एकेडमिक लीडर अवॉर्ड से नवाजा गया। यह उपलब्धि संस्था की शिक्षा व कौशल विकास के प्रति प्रतिबद्धता और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य निर्माण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों का प्रतीक है।₹संस्थान की ओर से यह सम्मान डॉ. डी.के. चौहान, कार्यकारी निदेशक-आरकेजीआईटी ने प्राप्त किया।₹ यह सम्मान आर.के.जी.आई.टी. की उस सतत प्रतिबद्धता का प्रमाण है जिसके तहत संस्था भविष्य के लिए सक्षम कार्यबल तैयार करने, कौशल सशक्तिकरण को बढ़ावा देने तथा शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्टता स्थापित करने के लिए कार्यरत है। सम्मान प्राप्त करने के उपरांत श्री अक्षत गोयल ने कहा, यह पुरस्कार संपूर्ण आर.के.जी.आई.टी. परिवार को समर्पित है, जिनके प्रयासों से हमें यह उपलब्धि मिली है। हम शिक्षा, नवाचार और कौशल विकास को और अधिक सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिससे विद्यार्थियों और समाज दोनों का लाभ हो सके।

# विवेकानंद इंटर कॉलेज ऊंचागांव में क्षेत्रीय विद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



प्रिंस कुमार राणा

बुलंदशहर ऊंचागांव 25 अगस्त 2025 को विवेकानंद इंटर कॉलेज, ऊंचागांव, बुलंदशहर में क्षेत्रीय विद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में क्षेत्र के कई माध्यमिक विद्यालयों की टीमों ने प्रतिभाग किया। फाइनल मुकाबले में जवाहर ज्योति इंटर कॉलेज, अमरगढ़, बुलंदशहर की टीम ने शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजयी खिलाड़ियों ने पाँच स्वर्ण पदक अर्जित किए तथा विद्यालय के नाम एक प्रतिष्ठित ट्रॉफी भी दर्ज कराई। टीम का नेतृत्व विद्यालय के पीटीआई सहायक अध्यापक दीपांशु एवं राकेश कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री अखिलेश कुमार तिवारी ने विजयी छात्रों को शुभकामनाएं दीं एवं कुशल नेतृत्व की सराहना की।

# प्रधान मंत्री सूर्य घर - मुफ्त बिजली योजना का शुभारंभ

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** अथर्व ऊर्जा ने अपनी नई ब्रांच आईटीएस कॉलेज के सामने, असालतनगर दिल्ली मेरठ रोड मुरादनगर सरकारी योजना के अन्तर्गत₹ प्रधान मंत्री सूर्य घर - मुफ्त बिजली योजना₹ का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता संजय त्यागी ने किया।

अतुल सिंह व राजीव कौशिक ने बताया कि आकर्षक सब्सिडी बैंक लोन की सुविधा के लाभ के साथ अथर्व एनर्जियो कंपनी के उत्थान में मुरादनगर में यहा चौथा ऑफिस खोल दिया है, ओर शाखा सकौती, मेरठ, पतला, बरेली, देहरादून मे आने वाले दिनों में खुलने वाली है, कार्यक्रम में अतुल सिंह राजीव कौशिक सार्थक कौशिक, शौर्य कौशिक, इमरान, हिमांशु, अभिषेक कश्यप आदि कंपनी के अधिकारी अथर्व एनर्जी एच.ओ. ओपीपी. स्टील फैक्ट्री गेट मोदीनगर ,भारतीय सैन समाज, प्रमोद तंवर, उमेश डेरी वाले, ललित सेन रालोद नेता, अनिल सामत कंप्यूटर वाले, एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता संजय त्यागी, शहर के गणमान्य लोगों ने कंपनी के भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# परोपकारी तथा संतोषी बनने से ही मनुष्यों को ईश्वरीय आशीर्वाद प्राप्त होता है- पं0 अशोक शास्त्री

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** श्रीराम नाम सत्संग सेवा न्याय ढिंढाला (मेरठ) के संस्थापक एवं आध्यात्मिक गुरू पं0 अशोक शास्त्री ने धर्म प्रवचन के दौरान समुद्र मंथन का उल्लेख करते हुए यहां कहा कि समुद्र मंथन के दौरान प्राप्त होने वाले 14 रत्न आज भी मानव जीवन के लिए कल्याणकारी हैं।पं0 अशोक शास्त्री, यहां कृष्णानगर कालोनी में प्रदीप वार्ष्णेय के आवास पर आयोजित आध्यात्मिक सत्संग में उपस्थित श्रोता समुदाय के समक्ष धर्म प्रवचन कर रहे थे।

श्री सत्यनारायण कथा के संदर्भ में उन्होंने कहा कि बोले गए संकल्प को यथा समय पूरा करना ही हितकर है। लिए गए संकल्प को भूल जाना अथवा टालते रहना दुखदायी होता है। काम, क्रोध, मोह, लोभ, मिथ्याभिमान आदि दुगुर्णो को नरक का द्वार बताते हुए पं0 अशोक शास्त्री ने कहा कि इन दुगुर्णो का परित्याग कर सहृदयी, परोपकारी, सत्यभाषी, निंभिमानी तथा संतोषी जीव बनने से ही मनुष्यों को ईश्वरीय आशीर्वाद प्राप्त होता है।इस अवसर पर गुरू माता संतोष शर्मा, डा0 उमाकांत शर्मा, निधि शर्मा, देवेंद्र गर्ग, राज ठेकेदार, रीता वार्ष्णेय, प्रिंस कंसल, पराग जैन, अक्षय शर्मा, कुणाल अग्रवाल, विशाल गुप्ता, नताशा गोयल, मोनिका अग्रवाल सहित अन्य श्रद्धालु श्रोतागण मौजूद थे।

# एमबीए बैच 2025-27 का हुआ भव्य स्वागत, उद्योग जगत के दिग्गजों ने साझा किए अनुभव

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जैपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, गाजियाबाद ने आगामी एमबीए बैच 2025-27 के स्वागत में ओरिएंटेशन प्रोग्राम 'शुभारंभ 2025ज्का भव्य आयोजन किया। पूरे उत्साह और गरिमा के साथ आयोजित इस कार्यक्रम की शुरूआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन, सरस्वती वंदना और विशिष्ट अतिथियों के स्वागत के साथ हुई। संस्थान के निदेशक प्रो. (डॉ.) दविन्दर नारंग ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए छात्रों को नए सफर की बधाई दी और उन्हें संस्थान की शैक्षणिक परंपरा और दृष्टिकोण से अवगत कराया। इसके बाद जैपुरिया ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन शिशिर जैपुरिया ने उद्घाटन भाषण दिया। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि यह दिन नई सीख, आजीवन दोस्ती, क्षितिज का विस्तार और जीवन में एक सच्चा उद्देश्य खोजने की यात्रा की शुरूआत का प्रतीक है। कार्यक्रम में उद्योग जगत की जानी-मानी हस्तियों की उपस्थिति ने छात्रों का उत्साह दोगुना कर दिया। इंडिया कैंपस हेड, न्यूजेन सॉफ्टवेयर एल्विन डेविड ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि विचार सस्ते हैं, लेकिन उनका कार्यान्वयन अमूल्य है। उन्होंने छात्रों को हर कार्य को जुनून से करने और उसे सफलतापूर्वक पूरा करने की सलाह दी।

# एक शाम देश के वीरो के नाम कार्यक्रम आयोजित

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** लायंस क्लब मुरादनगर तथा बून एजुकेशनल एवं वेलफेयर सोसाइटी की ओर से रविवार की सांय एक शाम देश के वीरो के नाम का कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें शहीद सैनिकों के परिजनों,सेना के रिटायर्ड अधिकारियों व वीर साहस का परिचय देने वाले सैनिकों को सम्मानित किया गया।इस मौके पर सांसद डा राजकुमार सांगवान ने कहा कि ऐसे आयोजनों से नई पीढ़ी में देश भक्ति की भावना मजबूत होती है और शहीदों के त्याग की प्रेरणा मिलती है।शहीदों की अमरगाथा नई पीढी को आज बताना जरूरी हैं।एसआरएम के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए सांसद डा राजकुमार सांगवान ने कहा कि भारत वीरों और शहीदों की धरती है। शहीदों की कुबार्नी कभी बेकार नहीं जाती।शहीदों के बलिदान के बाद ही भारत ने आजादी पाई। उन्होंने कहा कि उन शहीदों के सपनों को हमें मिलकर पूरा करना हैं। असली हीरो हमारी सेना हैं। राज्यसभा सांसद डा अनिल अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित करके प्रोग्राम का शुभाम्भ किया। कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में प्रदेश के पूर्व राज्यमंत्री सुनील भराला,पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली,भाजपा नेता गोपाल अग्रवाल,डा बीपी त्यागी,विनोद मिश्रा,मनोज शर्मा,नितिन गोयल,ललित गोयल,नीरज शर्मा,सचिन त्यागी,दीपक वत्स,लायंस क्लब के वरिष्ठ पदाधिकारी डा विनय शिशौदिया रीना सिंह,राहुल गोयल,सोसाइटी के संस्थापक डा शिवराज सिंह,सचिव अपराजिता सिंह,उषा चौधरी,गीता चौधरी,अनीला आर्य,नीरज शर्मा,शहजाद चौधरी आदि।

# ग्राम प्रधानों के मान सम्मान को लेकर ऑल इंडिया पंचायती राज संगठन की हुई महत्वपूर्ण बैठक

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** मेरठ जनपद के जानी ब्लॉक में ग्राम प्रधानों के मान सम्मान को लेकर वह आने वाले चुनाव को लेकर ऑल इंडिया पंचायती राज संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि ऑल इंडिया पंचायती राज संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रजवीर दहिया ने कहा कि जनता ने हमें चुना जनता ने हम पर भरोसा किया लेकिन फंड की कमी के कारण हम अपने गांव की जनता को वह काम नहीं दे पाए जिसकी उन्होंने उम्मीद की थी।इसका एक मुख्य कारण सरकार द्वारा ग्राम प्रधानों की अनदेखी रही सरकार द्वारा ग्राम प्रधानों को अपने जाल में ऐसे उलझाए रखा। कि गांव का विकास ही ठप पड़ गया। पंचायत का अधिकतर फंड दो सरकार के प्रोग्राम करने में ही खर्च हो गया ।ऊपर से कर्मचारियों का मानदेय और रही-सही कसर गांव में लगी पानी की टंकियां ने पूरी कर दी। जो रास्ते जैसे तैसे ग्राम पंचायत द्वारा बनाए गए थे टंकी लगने के कारण वह भी उखाड़ दिए गए। जिला अध्यक्ष और जानी के ग्राम प्रधान वेदपाल फौजी ने कहा कि सभी प्रधान साथियों को अपने गांव में पंचायत योद्धा तैयार करने होंगे और जिन्हें हम पंचायत की अस्थाई समिति में भी पद देंगे और गांव की जिम्मेदारी की भूमिका देंगे। सभी पंचायती योद्धाओं को डिजिटल कार्ड उपलब्ध कराए जाएंगे।

# श्री रामचरितमानस रामलीला कमेटी पंजी. ने धूमधाम से किया भूमि पूजन







वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। गाजियाबाद के प्रताप विहार सेक्टर 11 ई ब्लॉक स्थित रामलीला मैदान में श्री रामचरितमानस रामलीला कमेटी के बैनर तले हर साल की भांति इस बार भी बड़े ही हर्षोल्लास के साथ भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन में मुख्य अतिथि के तौर पर राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल और विशिष्ट अतिथि के तौर पर गाजियाबाद नगर निगम की लोकप्रिय महापौर सुनीता दयाल के अलावा फायर ब्रांड माने जाने वाले मछंदर पुरी बाबा भी मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत हिंदू धर्म के रीती रिवाज और विधि विधान से पूजन के बाद सांसद अनिल अग्रवाल और बाबा मछंदर पुरी ने इस वर्ष होने वाली रामलीला मंचन के लिए नारियल तोड़कर भूमि पूजन किया और सफल आयोजन की कामना की। भूमि पूजन के इस कार्यक्रम में क्षेत्र के सभी समाज के गणमान्य लोगों ने अपनी भागीदारी की।कमेटी के संयोजक सत्यवीर बैसोया, अध्यक्ष राजेश शर्मा, महामंत्री राजीव चौहान, और कोषाध्यक्ष धर्मपाल ने कहा कि इस वर्ष होने वाली रामलीला पहले वर्षों से कुछ अलग देखने को मिलेगी। इस अवसर पर समाजसेवी परविंदर शेखावत, राकेश चौहान, रवि यादव, सुरेश शर्मा, कुणाल यादव,सुनील शर्मा, राकेश कौशिक, सुखपाल खोखर, डॉ सुनील शर्मा, आर के सप्रू अध्यक्ष कश्मीरी समाज, के एन डंगवाल उत्तराखंड समाज, बी एस मनराल उत्तराखंड समाज, यतेंद्र शर्मा, सुंदर भाटी, डॉ ऋषिपाल शर्मा, चंद्रभान पचौरी, केपी सिंह, विनय शर्मा, के के शुक्ला,ज्ञानेंद्र चौधरी, वीके शर्मा हनुमान, सुखविंद्र सरदार, राहुल राणा, शशिकांत मिश्रा, हेमंत चौहान, मनीष शर्मा, नगर संचालक शशिकान्त मिश्रा, संजय कंसल, राजू गुप्ता, नरेश कुमार, सत्येंद्र कुमार गौतम, नरेश भटनागर, देवी सिंह नागर,दीपक अग्रवाल, विजय भाटी, चमन सिंह सेन, मंडल अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा, हरीश राठौर, जितेंद्र चौहान,कला रावत, रेखा डिमरी, दीप्ती चौहान, कविता, अंबुज चौहान, गौरव चौधरी, जितेंद्र चौहान, रोहित कुमार,हेमराज माहौर, नवीन गौतम, पुष्पेंद्र चौधरी, नितेश भट्ट, हरजीत सिंह बिट्टू,गुलशन भंवरी, हेमा नेगी विवेक गोस्वामी, श्रीकांत शर्मा, वीके शर्मा, जयवीर भड़ाना, सुरेश सिंह नेट प्वाइंट, विमलेश भारती, कविता शर्मा, देशराज ठाकुर, ओमप्रकाश कश्यप, विनोद कॉल, के अलावा सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## कृष्णा नगर बागू का जय भीम पार्क होगा विकसित

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। शहर के विकास की कड़ी में अब कृष्णा नगर बागू, विजयनगर का जय भीम पार्क भी नया रूप लेने जा रहा है। सदर विधायक संजीव शर्मा की सतत पहल और प्रयासों का नतीजा है कि इस पार्क को एक करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया जाएगा। जय भीम पार्क का यह विकास कार्य उत्तर प्रदेश के पर्यटन विभाग द्वारा कराया जाएगा। इस संबंध में उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने स्वयं विधायक संजीव शर्मा को पत्र लिखकर जानकारी दी है।इसमें स्पष्ट किया गया है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 की कार्ययोजना में पर्यटन अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु विजयनगर के कृष्णा नगर बागू स्थित पार्क संख्या-1, जय भीम पार्क को शामिल किया गया है। विधायक संजीव शर्मा ने बताया कि पर्यटन विभाग से स्वीकृति मिलते ही पार्क का विकास कार्य जल्द शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जय भीम पार्क को इस तरह विकसित किया जाएगा कि यह केवल गाजियाबाद शहर ही नहीं बल्कि आसपास के इलाकों के लोगों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बने। विधायक के मीडिया सलाहकार अजय चोपड़ा ने बताया कि पर्यटन मंत्री द्वारा भेजे गए पत्र में पार्क के विकास की कार्ययोजना का जिक्र किया गया है। इसके अंतर्गत पार्क का सौंदर्यीकरण, नई सुविधाओं का विकास और पर्यटकों के लिए आधुनिक सुविधाओं का समावेश किया जाएगा।

## गरीबों और वंचितों की सेवा हमारी प्राथमिकता और नैतिक जिम्मेदारी: डीएम

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। जिले के जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने अपनी सक्रिय कार्यशैली से जनता का दिल जीत लिया है। कलेक्ट्रेट कार्यालय में रोजाना होने वाली जनसुनवाई अब सिर्फ एक औपचारिकता नहीं रह गई है, बल्कि सीधे जनता के बीच भरोसा जगाने का माध्यम बन गई है। डीएम की कार्यशैली इधर शिकायत प्राप्त, उधर निस्तारण की कार्यवाही शुरू आज हर किसी की जुबान पर है। सोमवार को हुई जनसुनवाई में 150 से भी अधिक प्रार्थी अपनी समस्याओं के साथ जिलाधिकारी के समक्ष पहुँचे। नगर निगम, पुलिस विभाग, जीडीए, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य, राजस्व और आवास विकास जैसे विभागों से संबंधित शिकायतें सामने आईं।



जिलाधिकारी ने सभी प्रार्थियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और अधिकारियों को मौके पर बुलाकर तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। आवास विकास विभाग से जुड़ी रजिस्ट्री विवाद की शिकायत पर डीएम ने एआर कॉपरेटिव अधिकारी को बुलवाकर शिकायतकर्ताओं से बातचीत कराई और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने का आदेश दिया। वहीं, जीडीए से जुड़े एक मामले में शिकायतकर्ता ने बताया कि उसने अपनी पुश्तैनी जमीन पर मकान बनाया लेकिन अधिकारी ने निर्माण रुकवा दिया। इस पर डीएम ने न्यायपूर्ण जांच कर निस्तारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान वेवसिटी के किसानों ने धरना-प्रदर्शन पर दर्ज हुई एफआईआर को अन्यायपूर्ण बताते हुए डीएम से न्याय की गुहार लगाई। वहीं, एक प्रार्थी ने अवैध कब्जे की शिकायत की तो जिलाधिकारी ने संबंधित तहसीलदार को आदेश दिया कि स्वयं मौके पर जांच करें और दो दिन के भीतर आख्या प्रस्तुत करें। जनसुनवाई के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट डॉ. संतोष कुमार उपाध्याय, आईएएस ज्याइंट मजिस्ट्रेट अयान जैन, एसीएम राजेन्द्र कुमार, डीआईओ योगेन्द्र प्रताप सिंह समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे और जिलाधिकारी के निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते दिखे।

## रात में सुरक्षा व्यवस्था का किया औचक निरीक्षण

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। शहर में लगातार हो रहे जानलेवा हादसों और बढ़ते अपराधों को देखते हुए पुलिस आयुक्त जे. रविंद्र गौड़ अब खुद मोर्चा संभाल चुके हैं। दिन हो या रात, वह सड़कों पर उतरकर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं। बीती रात उन्होंने कौशांबी थाना क्षेत्र में औचक निरीक्षण किया और अधिनस्थ अधिकारियों व पुलिसकर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि हर हाल में सजग, सतर्क और सक्रिय रहना होगा।

निरीक्षण के दौरान पुलिस आयुक्त ने कहा कि अपराधियों की धरपकड़ के साथ-साथ ट्रैफिक व्यवस्था पर भी कड़ी नजर रखी जाए। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ बिना किसी ढिलाई के कार्रवाई की जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आमजन को सुरक्षित माहौल देना ही पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। औचक निरीक्षण के दौरान जब पुलिस आयुक्त पीआरवी 2159 पर तैनात पायलट और उसके सहयोगियों से मिले, तो उनके चेहरे खिल उठे। गौड़ ने न केवल उनके स्वास्थ्य की चिंता जताई, बल्कि उनके परिवार के कुशल-क्षेम के बारे में भी विस्तार से पूछा। इस दौरान उन्होंने कहा कि पीआरवी पर तैनात पुलिसकर्मी सबसे अहम जिम्मेदारी निभाते हैं, इसलिए उन्हें हर समय चौकन्ना रहना होगा।

## महापौर ने किया शौचालय का लोकार्पण और मुख्य द्वार सौंदर्यीकरण का शिलान्यास

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। विजय नगर विधानसभा क्षेत्र के सेक्टर-11 प्रताप विहार स्थित रामलीला ग्राउंड में सोमवार को श्री रामचरित मानस रामलीला समिति द्वारा इस वर्ष होने वाले भव्य आयोजन की शुरूआत विधिवत भूमि पूजन के साथ हो गई। कार्यक्रम में नगर की प्रथम नागरिक, महापौर सुनीता दयाल ने पहुँचकर भूमि पूजन संपन्न कराया और आगामी रामलीला को भव्य व ऐतिहासिक बनाने का आह्वान किया। रामलीला समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि उन्होंने महापौर से मुलाकात कर आगंतुकों की सुविधा हेतु शौचालय निर्माण की मांग रखी थी। इस पर महापौर सुनीता दयाल ने त्वरित कार्यवाही करते हुए भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान ही नए शौचालय का लोकार्पण कर जनता को समर्पित कर दिया। इसी क्रम में महापौर ने



जर्जर हो चुके रामलीला ग्राउंड के मुख्य द्वार के सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास भी किया। यह कार्य शीघ्र ही पूरा कर लिया जाएगा, जिससे रामलीला प्रारंभ होने से पहले ही आगंतुकों को एक नया और आकर्षक प्रवेश द्वार मिलेगा। इस पहल के लिए स्थानीय लोगों और समिति ने महापौर का आभार जताया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि प्रताप विहार की रामलीला गाजियाबाद की सांस्कृतिक धरोहर है और नगर निगम की जिम्मेदारी है कि आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

## सैकड़ों महिलाओं का सड़क पर प्रदर्शन, न्याय की मांग ने शहर को हिला डाला

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। महिला पहलवान राखी के समर्थन में सोमवार को गाजियाबाद की सड़कों पर महिला शक्ति का ज्वालामुखी फूट पड़ा। न्याय की पुकार और साहस को सलाम करने के लिए उतरी सैकड़ों महिलाओं ने जिला मुख्यालय का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया। राखी का अनिश्चितकालीन धरना और आमरण अनशन चौथे दिन में प्रवेश कर चुका है, और इस संघर्ष ने अब पूरे जिले के साथ-साथ प्रदेश में भी हलचल मचा दी है। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने हाथों में तख्तियां और बैनर थामकर राखी को न्याय दिलाओ, महिलाओं पर अत्याचार बंद करो और ससुराल वालों की मनमानी नहीं चलेगी जैसे नारे लगाए। पूरा जिला मुख्यालय परिसर इन




नारों से गूंज उठा। महिलाओं ने जिलाधिकारी और पुलिस आयुक्त को मांगपत्र सौंपते हुए राखी को त्वरित न्याय दिलाने और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। राखी ने बताया कि उनकी शादी 9 जुलाई 2024 को अवंतिका कॉलोनी निवासी भुवनेश कुमार से हुई थी। कुछ समय तक रिश्ते सामान्य रहे, लेकिन जल्द ही हालात बिगड़ गए। उनके पति विदेश चले गए और ससुराल वालों ने उन्हें घर से निकाल दिया।

## शिक्षा और नवाचार का अनोखा संगम, गाजियाबाद में उमड़ा उत्साह और गरिमा

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। डासना स्थित सुन्दर दीप इंजीनियरिंग कॉलेज में सोमवार को नए बी.टेक और एम.बी.ए. छात्रों के स्वागत हेतु आयोजित ओरिएंटेशन कार्यक्रम 'दीक्षारंभ 2025ज भव्यता और गरिमा के साथ संपन्न हुआ।

यह कार्यक्रम केवल एक औपचारिक स्वागत समारोह नहीं, बल्कि छात्रों के भविष्य की दिशा तय करने वाला प्रेरणादायी आयोजन साबित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से किया गया। निदेशक डॉ. मोनिका सेंगर ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए छात्रों को संस्थान की दृष्टि, मिशन और मूल्य आधारित शिक्षा व्यवस्था से परिचित कराया। मुख्य अतिथि ओरेकल के सीनियर डायरेक्टर नीरज नारंग ने छात्रों को संबोधित करते हुए उद्योग जगत की अपेक्षाओं, तकनीकी नवाचार और करियर निर्माण के सुनहरे अवसरों पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों को लगातार सीखते रहने और बदलती टेक्नोलॉजी के साथ खुद को ढालने का संदेश दिया। सुन्दर दीप एजुकेशनल सोसायटी के चेयरमैन एवं एसजीयू के कुलाधिपति महेन्द्र अग्रवाल ने छात्रों को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने और समाजोपयोगी तकनीकी विशेषज्ञ बनने का आह्वान किया। उपकुलाधिपति नितिन अग्रवाल और उपाध्यक्ष अखिल अग्रवाल ने भी छात्रों का उत्साहवर्धन किया।

## वरिष्ठ नागरिक समाज कल्याण समिति संजयनगर गाजियाबाद ने किया मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। वरिष्ठ नागरिक समाज कल्याण समिति संजयनगर गाजियाबाद, द्वारा क्षेत्र के 90% से अधिक अंक लाने वाले कक्षा 10और 12 के 25 मेधावी छात्र-छात्राओ की सम्मानित कर उन्हें प्रशस्ति पत्र मोमेंटो,लाकेट ,पैन फोल्डर और उपहार मे ,हरित पौधे भेट किए। इस मौके पर प्रमुख शिक्षाविद सुरेंद्र शर्मा' 'सुशील ' मुख्य अतिथि ने बच्चों का प्रोत्साहन करते हुए कहा के यह बच्चे विशेष प्रतिभावान है आने वाले समय में भारत देश का नाम रोशन करेंगे उनके शिक्षक और माता-पिता को उनके ऊपर गर्व है यह उनके दिल से पूछिए हर घर में ऐसे बच्चे हो तो देश को तरक्की के रास्ते पर चलने से कोई नहीं रोक सकता। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि स्थानीय निगम पार्षदश्री उमेश नागर , ने इन मेधावी छात्र-छात्राओ के उज्जवल भविष्य और उच्च स्तरीय शिक्षा की कामना करते हुए आशीर्वाद प्रदान किए 75 और 80 वर्शीय वरिष्ठ नागरिक जन का सम्मान किया गया। अध्यक्ष इंजीनियर हरिपालसिह महासचिव देशबंधु,गोयल,,उपाध्यक्ष एस एन वार्ष्णेय ,कोषाध्यक्ष भगवत स्वरूप शर्मा श्रीमती कौशल शर्मा सुनील तिवारी जी सहित अनेक वरिष्ठ नागरिकजन मौजूद रहे संरक्षक आर्य रामनिवास शास्त्री ने सभी को शतायु होने के आशीर्वाद प्रदान किए।



